दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



करण की डेब्यू फिल्म प्यार है तो है.....



क्रति सैनन गणपत में जोरदार एक्शन ....

वर्ष : 09 | अंक : 293 | लखनऊ, 28 सितम्बर, गुरूवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 5510/ g |
| चांदी | 73.50/ g |
| सेंसेक्स | 66,009.15 |
| निफटी | 19,674.25 |

# प्रमुख पर्यटन स्थलों पर मिलेगी इलेक्ट्रिक वाहनों की सुविधा : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पर्यटन की संभावनाओं के साथ ग्रीन इन्वेस्टमेंट (हरित निवेश) को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार की योजना प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सिर्फ इलेक्ट्रिक वाहन (ई-बस व ई रिक्शा) सेवा उपलब्ध कराने की है। पर्यटन स्थलों पर डीजल-पेट्रोल से चलने वाले वाहनों का संचालन न हो, इसके लिए निजी ऑपरेटर को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री बुधवार को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन, उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आधारित ए टू जेड पुस्तिका का विमोचन, युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों को किट वितरण एवं उत्तर प्रदेश के अग्रणी पर्यटन उद्यमियों का सम्मान करने के उपरांत मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस की विषय टूरिज्म एंड ग्रीन इन्वेस्टमेंट है।



उन्होंने कहा कि प्रमुख पर्यटन स्थलों पर इलेक्ट्रिक वाहन की सुविधा से लोगों को एक बहुत अच्छा वातावरण मिलेगा। पर्यटन स्थलों को हम इस ढंग से विकसित करें कि वहां पर जनरेटर भी न चलें, सोलर लाइट की व्यवस्था करें। कोई ऐसी व्यवस्था करें जो हरित ऊर्जा के माध्यम से उसे क्षेत्र के विद्युतीकरण की व्यवस्था को पूरा कर सकती हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश में 30 करोड़ पर्यटक धार्मिक दृष्टि के अलग-अलग पवित्र धामों का दर्शन करने आए। यह 30 करोड़ केवल संख्या नहीं है बल्कि इसके पीछे पूरा एक पारिस्थितिकी तंत्र छिपा हुआ है। इनसे वाहन संचालन से जुड़े लोगों, फूल, प्रसाद बेचने वालों, होटल, धर्मशाला और रेस्तरां कारोबार से जुड़े, और अन्य भी तमाम लोगों को रोजगार मिला होगा, उनकी आजीविका समृद्ध हुई होगी।

उन्होंने कहा कि सिर्फ सावन के माह में अकेले काशी विश्वनाथ धाम में लगभग दो करोड़ श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। जबकि पहले इतनी बड़ी संख्या में लोग नहीं आते थे। अब काशी विश्वनाथ धाम, भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, मां विंध्यवासिनी धाम में सुविधाएं बढ़ीं, दर्शन में आसानी हुई तो बड़ी संख्या में लोग वहां जा रहे हैं। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर से विद्यालयों के युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों, नेहरू युवा केंद्र के स्वयसेवकों एंव मीडिया के प्रतिनिधियों की बसों को हरी झंडी दिखाकर कुशीनगर स्थित गौतम बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल के भ्रमण के लिये रवाना किया।

## मेरे नाम से कोई घर नहीं लेकिन मेरी सरकार ने लाखों बेटियों को मकान मालिक बनाया: प्रधानमंत्री

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उनके नाम पर कोई घर नहीं है, लेकिन उनकी सरकार ने देश की लाखों बेटियों को घर का मालिक बना दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी, अनुसूचित जाति और पिछड़े समुदायों की करोड़ों महिलाएं अब लखपति बन गई हैं क्योंकि उनके पास सरकारी योजनाओं के तहत बने घर हैं। दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को गुजरात पहुंचे मोदी राज्य के आदिवासी बहुल छोटा उदयपुर जिले के बोडेली शहर में शिक्षा क्षेत्र से संबंधित 4,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं सहित 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरूआत के मौके पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, चूंकि मैंने आपके साथ महत्वपूर्ण समय बिताया है, मैं गरीब लोगों के सामने आने वाले मुद्दों को जानता हूं और मैंने हमेशा उन मुद्दों को हल करने की कोशिश की है।



आज मैं संतुष्ट हूं क्योंकि मेरी सरकार ने देश भर में लोगों के लिए चार करोड़ घर बनाए हैं। पिछली सरकारों के विपरीत, गरीबों के लिए एक घर हमारे लिए सिर्फ एक संख्या नहीं है। हम गरीबों के लिए घर बनाकर उन्हें सम्मान प्रदान करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा, हम गरीब के लिए घर बनाकर उसे सम्मान प्रदान करने की दिशा में काम करते हैं। हम आदिवासियों की जरूरतों के अनुसार घरों का निर्माण कर रहे हैं, वह भी बिना किसी बिचौलिये की मौजूदगी के। लाखों घर बनाए गए और महिलाओं के नाम पर पंजीकृत किए गए। हालांकि मेरे नाम पर अभी तक घर नहीं है, लेकिन मेरी सरकार ने लाखों बेटियों को घर का मालिक बना दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय कृषि क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार ड्रोन प्रौद्योगिकी : अध्ययन

**नई दिल्ली,** फसल कटाई, उसके परिवहन और भंडारण के दौरान होने वाली भारी क्षति को ड्रोन प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से लगभग 50 प्रतिशत कम किया जा सकता है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ट्रांसफॉर्मिंग इंडियाज फ्रेश फ्रूट्स एंड वेजिटेबल इंडस्ट्रीः ड्रोन डिलिवरी फॉर मिनीमाइजिंग वेस्टेज एंड एम्पॉवरिंग फॉर्मर्स (भारत के ताजा फल और सब्जी उद्योग में बदलावः बबार्दी को कम करने और किसानों को सशक्त बनाने के लिए ड्रोन डिलिवरी) शीर्षक से जारी यह रिपोर्ट ताजा फल और सब्जी क्षेत्र में कटाई के बाद की चौंका देने वाली बबार्दी को उजागर करती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कैसे ड्रोन डिलिवरी इन चुनौतियों को कम कर सकती है, किसानों की स्थिति में सुधार कर सकती है। इसके साथ ही ड्रोन डिलिवरी पूरी आपूर्ति श्रृंखला की कार्यकुशलता बढ़ाने और उसे टिकाऊ बनाने में मदद कर सकती है। प्रमुख ड्रोन डिलिवरी लॉजिस्टिक्स प्रदाता स्काई एयर ने एक नये अध्ययन में कहा है कि ड्रोन प्रौद्योगिकी भारतीय कृषि क्षेत्र का पूरा नक्शा बदलने में सक्षम है। इस रिपोर्ट में कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी की नई और विशाल क्षमताओं के बारे में बताया गया है और कई नए तथ्य सामने रखे गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को ताजा फलों और सब्जियों के क्षेत्र में कटाई के बाद सालाना 30-40 प्रतिशत की भारी क्षति के साथ एक गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अनुसार, ये नुकसान, लगभग 13,300 करोड़ रुपये (1.8 अरब डॉलर) तक पहुंच गया है।

### विरासत और विकास के साथ स्मार्ट सिटी के तौर पर होने लगी है ब्रांड बनारस की पहचान

वाराणसी। ब्रांड बनारस की पहचान विश्व में विरासत और विकास के साथ स्मार्ट सिटी के तौर पर होने लगी है। शहरी एवं आवास कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इंदौर में आयोजित इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव -2023 में वाराणसी को उत्तरी जोन में बेस्ट स्मार्ट सिटी का अवार्ड दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को वाराणसी स्मार्ट सिटी के सीईओ और नगर आयुक्त शिपू गिरि को सम्मानित किया। परियोजनाओं के समय से क्रियान्वयन, सक्सेस स्टोरी, परियोजनाओं की उपयोगिता, कुशल जनसहभागिता एवं फीडबैक प्रणाली के आधार पर पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।

### प्रदर्शनी में वाराणसी मॉडल की धूम

आयोजन में प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इसमें वाराणसी के प्रमुख कार्यों को मॉडल के माध्यम से दशार्या गया है। जिसका बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अवलोकन किया। वाराणसी में लगे 3000 एडवांस सर्विलांस कैमरे से वहां के सुरक्षा कवच को लाइव दिखाया गया।

## संपत्ति के मामले में भारत में 40 फीसदी से ज्यादा बुजुर्ग गरीब : संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** संयुक्त राष्ट्र की एक नयी रिपोर्ट के अनुसार भारत में 40 फीसदी से ज्यादा बुजुर्ग संपत्ति के मामले में गरीब हैं और करीब 18.7 प्रतिशत बुजुर्गों के पास आमदनी का कोई जरिया नहीं है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 में कहा गया है कि बुजुर्गों में गरीबी का यह स्तर उनके जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल मिलाकर, भारत में हर पांच में दो बुजुर्ग संपत्ति के लिहाज से गरीब श्रेणी में हैं। यह जम्मू- कश्मीर में 4.2 प्रतिशत और पंजाब में पांच प्रतिशत है जबकि लक्षद्वीप में 40.2 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ में 47 प्रतिशत है। उनके काम, पेंशन और आय की स्थिति के विश्लेषण से पता चलता है कि 18.7 प्रतिशत बुजुर्गों के पास आमदनी का कोई जरिया नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 17 राज्यों में यह अनुपात राष्ट्रीय स्तर से ज्यादा है। उसके मुताबिक, उत्तराखंड में यह 19.3 प्रतिशत है तो लक्षद्वीप में 42.4 फीसदी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वृद्ध महिलाओं में उच्च जीवन प्रत्याशा है, जो कई देशों की प्रवृत्ति के अनुरूप है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 60 साल की उम्र में, भारत में एक व्यक्ति 18.3 साल और जीने की उम्मीद कर सकता है, जो महिलाओं के मामले में 19 साल और पुरुषों के मामले में 17.5 साल है।

# भारतीय भाषाओं को मिल रहा बढ़ावा : प्रो . संजय द्विवेदी

**2030 तक दुनिया का हर पांचवां व्यक्ति बोलेगा हिंदी**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोलकाता/भोपाल।₹पिछले कुछ वर्षों में हिंदी और भारतीय भाषाओं को बहुत बढ़ावा मिला है। लोगों में भाषा को लेकर हीनता का भाव खत्म हो रहा है। आज भारत सरकार के सभी कार्यक्रमों में हिंदी का बोलबाला है। भारतीय भाषाओं का यह 'अमृतकाल' है।₹ यह विचार भारतीय जन संचार संस्थान के पूर्व महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी ने पश्चिम बंगाल की प्रतिष्ठित संस्था 'समर्पण ट्रस्ट' की ओर से कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान व्यक्त किये।




'हिंदी की दशा और दिशा' विषय आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता 'छपते-छपते' और 'ताजा टीवी' के प्रधान संपादक विश्वंभर नेवर ने की।

इस अवसर पर बाबा साहेब अंबेडकर शिक्षा विश्वविद्यालय, कोलकाता की कुलपति प्रो. (डॉ.) सोमा बंद्योपाध्याय, हावड़ा हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय कुमार भारती, पूर्व आईपीएस और भोजपुरी साहित्य के मूर्धन्य लेखक मृत्युंजय कुमार सिंह, हावड़ा दीनबंधु कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. सत्य प्रकाश तिवारी, प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. ऋषि भूषण चौबे, कल्याणी विश्वविद्यालय के काचरापाड़ा कॉलेज में हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. गोस्वामी जीके भारती और पश्चिम बंगाल सरकार के सूचना एवं संस्कृति विभाग में राज्य सरकार के मुखपत्र 'पश्चिम बंगाल' के संपादक डॉ. जयप्रकाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में विचार व्यक्त करते हुए प्रो. द्विवेदी ने कहा कि आज दुनिया के 260 से ज्यादा विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। 68 करोड़ लोगों की हिंदी मातृभाषा है। 26 करोड़ लोगों की दूसरी और 45 करोड़ लोगों की तीसरी भाषा हिंदी है। इस धरती पर 1 अरब 40 करोड़ लोग हिंदी बोलने और समझने में सक्षम हैं। 2030 तक दुनिया का हर पांचवां व्यक्ति हिंदी बोलेगा। उन्होंने कहा कि तीन साल पहले अंग्रेजी इंटरनेट की सबसे बड़ी भाषा थी, लेकिन अब हिंदी ने उसे पीछे छोड़ दिया है। गूगल सर्वेक्षण के अनुसार इंटरनेट पर डिजिटल दुनिया में हिंदी सबसे बड़ी भाषा है।

प्रो. द्विवेदी के अनुसार सोशल मीडिया ने हिंदी की दशा और दिशा को सशक्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रही हिंदी की साख से प्रेरित होकर अहिंदी प्रदेशों के लोग भी फेसबुक और इंटरनेट के माध्यम से हिंदी के निकट आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें इस भ्रम को दूर करने की जरुरत है कि हिंदी राष्ट्रभाषा है।

## मथुरा ट्रेन हादसाः जांच में पता चला ट्रेनकर्मी था हल्का नशे में , मोबाइल पर कुछ देख रहा था

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मथुरा में मंगलवार को हुई ट्रेन घटना की संयुक्त जांच रिपोर्ट में पाया गया है कि ट्रेन परिचालन के दौरान ट्रेनकर्मी अपने मोबाइल फोन पर कुछ देख रहा था और वह हल्का नशे की हालत में भी था। सूत्रों ने यह जानकारी दी। मंगलवार को एक अजीबोगरीब घटना में मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन प्लेटफॉर्म संख्या दो पर चढ़ गई। सूत्रों ने बताया कि रिपोर्ट में ट्रेन घटना के प्रथम दृष्टया कारण का जिक्र करते हुए कहा गया है कि क्रू वायस एंड वीडियो रिकार्डिंग सिस्टम के मुताबिक प्लेटफार्म पर ट्रेन के पहुंचने के बाद सचिन नामक ट्रेनकर्मी अपने मोबाइल फोन पर कुछ देखते हुए उसके डीटीसी कैब (इंजन) में दाखिल हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि उसने लापरवाही से इंजन के थ्रोटल (एक खास उपकरण) पर अपना बैग रख दिया एवं फिर अपने मोबाइल फोन पर कुछ देखने में व्यस्त हो गया।



बैग के दबाव के चलते थ्रोटल आगे की स्थिति में चला गया, फलस्वरूप ईएमयू प्लेटफार्म की ओर आगे बढ़ गयी। रिपोर्ट में कहा गया है, उसने (ट्रेन ने) प्लेटफार्म के आखिरी छोर तो तोड़ दिया तथा कोच का आधा हिस्सा प्लेटफार्म नंबर दो के ऊपरी हिस्से पर चढ़ गया, फलस्वरूप ओएचई (ओवरहेड तार) भी प्रभावित हुआ। रिपोर्ट में यह भी गया है कि सचिन पर किये गये ब्रेथलाइजर टेस्ट से पता चला कि वह हल्का नशे की हालत में है। आगरा रेलवे डिवीजन के सूत्र ने कहा, उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है जहां यह पता करने के लिए उसका रक्त नमूना लिया जाएगा कि उसमें अल्कोहल सेवन का सटीक स्तर क्या है।

संभागीय रेलवे प्रबंधक तेजप्रकाश अग्रवाल ने इस घटना के सिलसिले में सचिन समेत पांच व्यक्तियों को निलंबित कर दिया है। उन चारों में हरभजन सिंह ब्रजेश कुमार और कुलजीत तकनीकी कर्मी हैं जबकि गोविंद हरि शर्मा लोको पायलट है। अग्रवाल ने कहा, हमने पांच व्यक्तियों को निलंबित कर दिया है तथा मामले की जांच की जा रही है। संयुक्त रिपोर्ट में कहा गया है कि आमतौर पर तकनीशियन डीटीसी कैब (इंजन) की चाबी लेते हैं लेकिन इस मामले में तकनीशियन ने चाबी लेने के लिए सचिन को भेजा था। घटना का संक्षिप्त ब्योरा देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि मथुरा स्टेशन पर रात 10 बजकर 49 मिनट पर ट्रेन पहुंची। जब लोको पायलट अपनी ड्यूटी पूरी कर कैब से बाहर आया तब सचिन चाबियां लेने के लिए कैब में घुसा। कैब में उसके जाने के मिनट भर के अंदर ही वह चलने लगी और उसका आधा हिस्सा प्लेटफार्म पर चढ़ गया।

## भारत के प्राचीन दर्शन वसुधैव कुटुम्बकम का प्रकटीकरण पर्यटन मेंः अजय भट्ट

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** केंद्रीय पर्यटन मंत्री अजय भट्ट ने बुधवार को कहा कि भारत के प्राचीन दर्शन वसुधैव कुटुम्बकम का सच्ची अभिव्यक्ति पर्यटन में देखने को मिलती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश एमआईसीई पर्यटन के लिए मजबूत गतंव्य बनकर उभरा है और देश के 60 स्थानों पर जी20 की सफलतापूर्वक बैठक संपन्न हुई है। जी20 बैठकें विभिन्न विषयों पर एक दिसंबर से जम्मू-कश्मी से श्रीनगर से लेकर आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में हुईं और इसका समापन नौ-10 सितंबर को नयी दिल्ली में भारत मंडपम में जी20 शिखर सम्मेलन के साथ हुआ। पर्यटन एवं रक्षा राज्यमंत्री भट्ट मिशन लाइफ (पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली) के तहत वैश्विक स्तर पर जीवन के लिए यात्रा की शुरूआत करने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस कार्यक्रम का लक्ष्य पर्यटन क्षेत्र है और इसे पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की साझेदारी में मूर्त रूप दिया जा रहा है।

## एक साथ चुनाव पर रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए कोई समयसीमा नहीं : विधि आयोग के अध्यक्ष

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतु राज अवस्थी ने बुधवार को कहा कि एक साथ चुनाव के मुद्दे पर काम अब भी जारी है और इस संबंध में रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए कोई समयसीमा नहीं दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और ऑनलाइन प्राथमिकी सबंधी रिपोर्ट को अंतिम रूप देकर कानून मंत्रालय को भेज दिया गया है। कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहे न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अवस्थी ने यहां संवाददाताओं से कहा, एक साथ चुनावों पर अब भी कुछ काम चल रहा है। हमने रिपोर्ट को अंतिम रूप नहीं दिया है। इसे अंतिम रूप देने के लिए कोई समयसीमा नहीं है। प्रक्रिया के अनुसार, विधि आयोग की सभी रिपोर्ट केंद्रीय कानून मंत्रालय को सौंपी जाती है, जो उन्हें संबंधित मंत्रालयों को भेज देता है।




एक साथ चुनाव का मुद्दा वर्षों से विधि आयोग के पास लंबित है। पिछले विधि आयोग ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के लिए तीन विकल्प सुझाए थे, लेकिन कहा था कि कई बिंदुओं पर विचार किया जाना बाकी है। उसने अपनी मसौदा रिपोर्ट के साथ जारी एक सार्वजनिक अपील में कहा था कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने में कई बाधाओं को दूर किया गया है लेकिन कुछ बिंदुओं पर अब भी विचार बाकी है। उसने सभी हितधारकों से यह सुझाव देने के लिए कहा था कि क्या एक साथ चुनाव कराने से किसी भी तरह से लोकतंत्र, संविधान की मूल संरचना या देश की संघीय राजनीति के साथ छेड़छाड़ होगी। इसमें कहा गया था कि जब संसद या विधानसभा में किसी भी एक दल को बहुमत नहीं है और ऐसी स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न समितियों और आयोगों ने सुझाव दिए हैं।

इन समितियों ने प्रस्ताव दिया है कि प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री की नियुक्ति या चयन उसी तरीके से किया जा सकता है जिस तरह से सदन के अध्यक्ष का चुनाव किया जाता है। अब मौजूदा विधि आयोग ने इस विषय पर आगे काम करना शुरू कर दिया है। पॉक्सो अधिनियम पर विधि आयोग की रिपोर्ट सहमति की उम्र के मुद्दे से संबंधित है। हर तीन साल में गठित होने वाला विधि आयोग जटिल कानूनी मुद्दों पर सरकार को सलाह देता है।

## केजरीवाल बंगला विवादः सीबीआई ने पीई दर्ज की, आप ने प्रतिशोध का आरोप लगाया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नए सरकारी आवास के निर्माण के संबंध मेंदिल्ली सरकार के अज्ञात लोक सेवकों द्वारा कथित रूप से कीगई अनियमितता और कदाचार को देखने के लिए प्रारंभिक जांच (पीई) दर्ज की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने किसी भी तरह का गलत काम करने से इनकार किया है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आप को खत्म करने के लिए अपनी सारी शक्ति का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने दिल्ली सरकार के अज्ञात लोक सेवकों के खिलाफ पीई दर्ज की है। पीई यह देखने के लिए दर्ज की जाती है कि क्या आरोपों को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने के वास्ते प्रथम दृष्टया कोई सामग्री है या नहीं।

सीबीआई की भ्रष्टाचार रोधी शाखा ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को सोमवार को पत्र लिखकर उससे आवास से संबंधित रिकॉर्ड मांगे हैं जिनमें बदलाव के संबंध में उसके अधिकारियों की सिफारिश और मंजूरी, निविदा दस्तावेज, ठेकेदारों द्वारा लगाई गई बोली, भवन योजना को मंजूरी और मॉड्यूलर रसोईघर, मार्बल का फर्श और अन्य सजावटी कार्य जैसी बेहतर विशिष्टताओं के लिए ग्राहक से अनुरोध शामिल हैं। एजेंसी ने पीडब्ल्यूडी से ठेकेदार एके बिल्डर्स और परियोजना के सलाहकार को किए गए भुगतान से संबंधित रिकॉर्ड जमा करने को भी कहा। साथ में कई अन्य दस्तावेज भी मांगे हैं। अप्रैल में कुछ रिपोर्ट में दावा किया गया था कि केजरीवाल के सिविल लाइंस में छह फ्लैगस्टाफ रोड स्थित सरकारी घर में अतिरिक्त निर्माण/परिवर्तन के लिए43.70 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे जबकि खर्च 44.78 करोड़ रुपये किए गए।

दस्तावेजों के मुताबिक, यह पैसा नौ सितंबर 2020 से जून 2022 के बीच छह किस्तों में खर्च किया गया। मुख्यमंत्री आवास पर कथित फिजूलखर्ची को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने आप पर हमला बोला था और कहा था कि केजरीवाल ने सत्ता में आने पर आम आदमी की तरह सामान्य घर में रहने का वादा किया था। आप ने आरोप लगाया है कि यह घटनाक्रम अरविंद केजरीवाल नीत पार्टी को लोगों के लिए काम करने से रोकने की भाजपा की कोशिश का हिस्सा है। पार्टी का आरोप है, यही वजह है कि देश के सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्रियों को सलाखों के पीछे डाल दिया गया। आप ने आरोप लगाया, भाजपा आप को खत्म करने के लिए अपनी सारी शक्ति का इस्तेमाल कर रही है।

पार्टी ने कहा, सिर्फ आप ही है जो स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अच्छे कार्यों के नाम पर लोगों से वोट मांगती है जबकि भाजपा नहीं चाहती है कि गरीब लोगों को अच्छी शिक्षा और बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। आप ने कहा कि भाजपा अब सभी जांच एजेंसियों को लगाकर अरविंद केजरीवाल को घेरने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने कहा, उन्होंने केजरीवाल के खिलाफ 50 से ज्यादा मामले दर्ज किए और जांच की लेकिन कुछ नहीं निकला। इससे (सीबीआई जांच से) भी कुछ नहीं निकलेगा। आप के सांसद संजय सिंह ने उस समय कहा था कि केजरीवाल का आधिकारिक आवास 1942 में बनाया गया था और इसकी छत तीन बार गिर चुकी थी। उन्होंने कहा था कि छत गिरने की घटनाओं के बाद, पीडब्ल्यूडीने फिर से घर बनाने का सुझाव दिया और यह बनाया गया।

## संक्षेप

### एमएस 7 बनाम अजुर्ना क्रिकेट मैच में मुरारी बने मैन ऑफ द मैच



लखनऊ, आशियाना के मल्टी एक्टिविटी में मंगलवार को एमएस 7 और मल्टी एक्टिविटी की अजुर्ना क्रिकेट क्लब, के बीच हुए मुकाबले में अजूर्ना क्रिकेट क्लब ने , टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया,जिसमे सर्वाधिक रन बनाने वाले राज नविक ने 91 रन की पारी खेली साथ ही में प्रबलजीत यादव ने 64 रनों का योगदान दीया टीम ने 40 ओवर में दस विकेट के नुकसान पे 305 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया जिसके जवाब में अनुपम की एमएस 7 क्रिकेट क्लब ने 38 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया और इसमें मुरारी ने 71 रनों का योगदान दिया और साथ ही में करन मिश्रा ने मात्र 40 गेंदों का सामना करते 52 रनो की पारी खेली और साथ ही में करन और दया राम पाल ने अपनी फिरकी से दो दो विकेट लिया अपनी शानदार परफॉर्मेंस के चलते निनार्याको ने मुरारी को मैच का मैन ऑफ द मैच घोषीत करते हुए अवार्ड से सम्मानित किया गया

### आउटसोर्सिंग संविदा कर्मियों ने किया धरना प्रदर्शन

लखनऊ , भारतीय मजदुर संघ बैनर तले बुधवार को लखनऊ के आलमबाग स्थित धरना स्थल इको गार्डेन में प्रदेश भर से प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने हजारो की संख्या में एकजुट हो सामान कार्य सामान वेतन की मांग को लेकर विशाल रैली निकला धरना प्रदर्शन कियो धरने का नेतृत्व कर रहे मजदुर संघ के महामंत्री अनिल उपाध्याय ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रदेश के समस्त विभागों में अस्सी फीसदी कर्मचारियों में संविदा एवं आउटसोर्सिंग के रूप में कार्य कर रहे है लेकिन उनको उनके कार्य अनुरूप न वेतन मिल रहा है और न ही सुरक्षा व्यवस्था मिल रहा है जिससे ऐसे कर्मचारी शोषण का शिकार हो रहे है हमारे संविधान में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की कोई निति न होने के कारण कर्मचारियों का शोषण दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है सरकार को चाहिए कि कर्मचारियों के लिए निति बनाये जिसमे सम्मानजनक वेतन सामाजिक सुरक्षा सुविधाएँ संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को मिल सके इस अलावा मंच से अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने वक्तव्य प्रस्तुत किये एवं कर्मचारी हीत में पुरानी पेंशन निति को भी बहाल करने की मांग की मजदुर संघ की इस रैली में संघ के प्रदेश महामंत्री श्रीकांत अवस्थी,प्रदेश उपाध्यक्ष विनीता कुसुम मिश्र,सुरेश यादव,संजय प्रताप सिंह,विभाग प्रमुख सुशिल श्रीवास्तव,मिथिलेश शुक्ल, मीरा सिंह, मनमोहन दास आदि पदाधिकारी मौजूद रहे

### लखनऊ में नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

लखनऊ, लखनऊ के चिनहट इलाके में मंगलवार को एक दहेज लोभी पति ने पांच लाख रुपए और बाइक की मांग पूरी न होने डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान के रेफरल सेंटर की फ्लोर मैनेजर रिंकी (23) की गला दबाकर हत्या कर दी। उसके बाद आरोपी पति मकान में ताला लगाकर भाग गया। नवविवाहिता के पिता के आरोप के आधार पर चिनहट पुलिस ने पति के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई है। साक्ष्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।सीतापुर के रमहिया डीह निवासी रामदुलारे की बेटी रिंकी की 25 जून 2023 को सीतापुर के सलोना बीबीपुर निवासी मनीष से लव मैरिज की थी।रामदुलारे का आरोप है कि मनीष के घरवालों की मांग पर कर्जा लेकर दहेज दिला, लेकिन उनकी डिमांड खत्म नहीं हुई। रिंकी लोहिया संस्थान में काम करने के चलते मनीष के साथ कमता में किराए के मकान में रहने लगी।

# बैदेही वेलफेयर फाउंडेशन ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**पुलिस कर्मियों, समाजसेवियों, डॉक्टरों और पत्रकारों को किया स्वर्ण कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बैदेही वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा पुलिस लाइन के संगोष्ठी हॉल में स्वर्ण कर्म योगी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।समारोह पूरी तरह से ड्यूटी पर सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को समर्पित था ।कार्यक्रम में उन 71 पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपनी सूझ बूझ व कार्यशैली से पुलिस प्रशासन का सर ऊंचा किया है ।सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी की धर्म पत्नी नम्रता पाठक जी, भाजपा की वरिष्ठ नेत्री अपर्णा यादव बिष्ट,भाजपा अध्यक्ष मुकेश शर्मा, तथा नव निर्वाचित नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व निलाँश ग्रुप के चेयरमैन संतोष श्रीवास्तव उपस्थित रहे जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में काशान-ए वारिस के संरक्षक, अरशद मुर्तजा वारसी, सचिव मोहम्मद इमरान,व्यापारी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय त्रिपाठी (मुन्ना भय्या) डॉक्टर सुलतान शाकिर हाशमी, पद्मश्री विद्या बिंदु जी,अजीज सिद्दीकी,समाज सेवी अब्दुल वहीद,इमरान कुरैशी,अजय वर्मा, डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी,जुबैर अहमद, आरिफ मुकीम, एन.आलम,परम जीत सिंह,परवेज अख़्तर, शबाब नूर, नौशाद बिलगिरामी, जमील मलिक, हादी उमर, मोनी मिश्रा के अलावा दर्जनों वरिष्ठ समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे।पुलिस महकमे से लखनऊ कमिश्नरेट के काबिल ऑफिसर एडीसीपी चिरंजीव नाथ सिन्हा, एसीपी ओरी लाल, राजभवन में तैनात सीनियर ऑफिसर कुलदीप सिंह तथा 1090 में तैनात सीनियर ऑफिसर मोहम्मद साहिल तथा 71 महिला व पुरुष पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।इस अवसर पर विजय कुमार तथा एंजल प्रवीण के बेहतरीन मंच संचालन में डॉक्टर रूबी राज सिन्हा द्वारा सभी अतिथियों को तिलक लगाकर व पुष्प देकर स्वागत किया गया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई। आयोजन में बैदेही वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉक्टर रूबी राज सिन्हा,महासचिव प्रशांत प्रवीण सिन्हा सहित मुख्य अतिथियों, अति विशिष्ट अतिथियों द्वारा मौजूद सभी 71 पुलिस कर्मियों समेत 121 सभी सम्मानित गणों को माला पहना कर दुशाला ओढ़ा कर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथियों ने पुलिस कर्मियों के त्याग और कठिन ड्यूटी कार्यशैली पर उनका उत्साह वर्धन करते हुए उनके बारे में अपने अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर समस्त अतिथियों ने पुलिस कर्मियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए बैदही वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉक्टर रूबी राज सिन्हा तथा महासचिव प्रशांत प्रवीण सिन्हा व उनकी पूरी टीम की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस मौके पर अजीज सिद्दीकी और अब्दुल वहीद ने कहा कि बैदेही वेलफेयर फाउंडेशन बिना आर्थिक सहयोग लिए समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने और उनके उत्साह वर्धन के लिए इस तरह के भव्य कार्यक्रम आयोजित करती रहती हैं ।जो आज के समय में बड़ी बात है ।कार्यक्रम के अन्त में डॉक्टर रूबी राज सिन्हा ने आए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मिशन शक्ति दीदी अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मिशन शक्ति के तहत शक्ति दीदी अभियान कार्यक्रम का आयोजन माल थाना क्षेत्र के ग्राम लतीफपुर स्थित श्री महेश सिंह सरस्वती इंटर कॉलेज के प्रांगण में किया गया।जिसके अन्तर्गत छात्राओं सहित सम्मानित महिला शिक्षिकाओं को महिला अपराध, भ्रष्टाचार व विभिन्न सामाजिक अपराधों के रोक-थाम व महिला हेल्प लाइन के संबंध में जागरूक किया गया।

माल पुलिस टीम ने महिला हेल्पलाइन के माध्यम से संचालित किए जाने वाले अभियान के अंतर्गत कॉलेज परिसर में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी अभियान के तहत इंस्पेक्टर शमीम खान ने जागरूक कर बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया हेल्पलाइन नंबरों- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में जानकारी दी।

कॉलेज प्रबंधक धर्मपाल सिंह ने बताया कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्रा को अपने अंदर आत्मविश्वास जगाना होगा और भय को अंदर से निकलना होगा। इस मौके पर उषा सिंह, कल्पना सिंह, सोनिका, सुषमा देवी, रंजना सिंह, आकांक्षा बाजपेई, गीता सोनवानी सहित कालेज स्टॉप व पुलिस महिला आरक्षी मौजूद रही।

# तेज रफ़्तार अनियंत्रित स्कूटी डीवाईडर से टकराई


**छात्र की हुई मौत साथी घायल**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ** , आशियाना थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह अपने साथी संग कोचिंग से निकला स्कूटी सवार छात्र अनियंत्रित हो डीवाईडर से टकरा दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगो की मदद से घायलों को नजदीकी लोकबन्धु अस्पताल भेजा गया जहाँ डॉक्टरो ने एक किशोर छात्र को मृत घोषित कर स्थानीय पुलिस को सूचना दीं सूचना पर पहुंचे मृतक छात्र के परिजनों ने पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया जिसपर पुलिस शव का पंचनामा कर मृतक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दियो मूलरूप से जनपद फरुखाबाद आवास विकास कालोनी थाना गुमना निवासी देव पाण्डेय (16 ) पुत्र सोनू पाण्डेय बुद्धेश्वर पारा निवासी अपने फूफा संदीप पाण्डेय के साथ रहकर आशियाना क्षेत्र में इंग्लिश का कोचिंग करता था बुधवार सुबह करीब 10 :30 बजे कोचिंग से अपने सहपाठी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय के साथ स्कूटी से पकरी पुल की तरफ जा रहा था कि रास्ते में बौद्ध शांति उपवन गेट संख्या दो के पास स्कूटी अनियंत्रित हो डीवाईडर से जा टकराई जिससे दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गयो स्थानीय लोगो ने एम्बुलेंस को सूचना कर घायलों को लोकबन्धु अस्पताल पहुँचायो अस्पताल में डॉक्टरो ने जाँच के बाद देव पाण्डेय को मृत घोषित कर दिया जबकि उसके साथी का प्राथमिकी उपचार कर घर भेज दियो वहीं अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक छात्र के परिजनों को सुचना दीं सुचना पर पहुंचे मृतक छात्र के परिजनों ने छात्र का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दियो जिसपर पुलिस ने मृतक छात्र का पंचनामा कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दियो वहीं स्थानीय आशियाना पुलिस को देर शाम तक इस हादसे की जानकारी नहीं हुई और जब घटना की जानकारी हुई तो घटना कृष्णा नगर थाना क्षेत्र का बनाने में जुट गई

# पैनल डिस्कशन का आयोजन

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ , श्री जय नारायण मिश्र पी जी कॉलेज (के0के0सी ) में शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा आज सोशल मीडिया का युवाओं के रिश्तों पर प्रभाव नामक विषय पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया । उपरोक्त कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विनोद चंद्रा, उपप्राचार्य प्रो० के.के. शुक्ला, केजीएमयू के मनोचिकित्सक डॉक्टर पवन कुमार, प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डॉक्टर आशुतोष , राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व संपर्क अधिकारी एवं भू विभाग के प्रोफेसर अन्शुमाली शर्मा तथा हम संस्था तथा चाईल्ड लाईन की डायरेक्टर व समाजसेविका डॉ संगीता शर्मा उपस्थित रहीं । कार्यक्रम में छात्रों के साथ सोशल मीडिया के द्वारा उनके रिश्तों पर पड़ने वाले प्रभाव की चर्चा की गई। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथि गणों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया । डिस्कसन में विशेषज्ञ प्रो विनोद चंद्रा जी ने विद्यार्थियों के शारीरिक रूप से उपस्थित परंतु मानसिक रूप कक्षा में अनुपस्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की। उपप्राचार्य डॉ के के शुक्ला ने ईच्छा शक्ति के बलबूते सोशल मीडिया एडिक्शन से खुद को स्वतंत्र होने की तरकीबों का वर्णन किया ।उन्होंने कहा कि आज समाज में सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव सामने आने लगे हैं जो युवाओं को मानसिक रूप से अस्वस्थ भी बना रहा है। सोशल मीडिया की तकनीकी ने सामाजिक संबंधों के तानेबाने को प्रभावित किया है। अगले विशेषज्ञ डॉ आशुतोष श्रीवास्तव ने सोशल मीडिया के द्वारा मनोविकारों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि आज साइबर सैकिट्रिस्ट की आवश्यकता पड़ने लगी है।इसके बाद डॉक्टर पवन ने कहा कि आज युवाओं को सोशल मीडिया के उपयोग से पूर्व उसमे साक्षर होने की महती जरूरत है। चाइल्ड लाइन की डायरेक्टर डॉ संगीता शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया का वर्तमान में सकारात्मक और नकारात्मक पहलू दोनों देखने में आ रहा है ,जहां एक और सोशल मीडिया ने युवाओं को मंच दिया है । वहीं उन्हें आभासी भीड़ के बीच अकेला लाकर खड़ा कर दिया है। डॉ अंशुमाली शर्मा जी ने सोशल मीडिया से सभी को डिटॉक्सिफिकेशन होने की जरूरत समझाई ।इसके उपरांत छात्रा माबिया ,प्रियांशु , अक्षत आदिने ने विशेषज्ञों से प्रश्न पूछे जिनका सभी विशेषज्ञों ने धैर्यपूर्वक उत्तर दिया । कार्यक्रम का संचालन डॉ रश्मि सोनी और धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनीष मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में प्रो एस सी हजेला, डॉ सिद्धार्थ, डॉ गिरिजेश त्रिपाठी, डॉक्टर नीलम अग्रवाल आदि शिक्षक उपस्थित रहे । कार्यक्रम में नीरज, शिवानी, तनिष्क, अर्पित, ज्योति समेत बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रतिभाग किया ।

# साथिया किशोर सम्मेलन का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बुधवार को वात्सल्य संस्था द्वारा सुगंधा परियोजना के तहत गोपालपुर में किशोर सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन परियोजना समन्वयक वर्षा सिंह ने किया। कार्यक्रम में किशोरों को समाज में व्याप्त लिंग भेदभाव के विषय में गतिविधि, खेल और आस पास के उदाहरण देकर बताया गया। वर्षा सिंह ने बालिका शिक्षा का क्या महत्व है और लड़कियों के लिए पढ़ाई क्यों जरूरी है इसके विषय मे विस्तृत रूप से बताया। एसडीपी विद्यालय के प्रबंधक अनुज कुमार ने सभी प्रतिभागियों को नशा करने से क्या नुकसान है, बताते हुए सभी से नशा न करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में किशोरों को घरेलू कार्यों में मदद करने तथा अपने घर में लड़कियों को स्कूल भेजने में सहयोग करने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में वात्सल्य संस्था से भूपेंद्र सिंह, विवेक सिंह, अब्दुल हफीज, स्वाति जायसवाल, मोहित कुमार वर्मा सहित सैकड़ो किशोरों ने प्रतिभाग किया।

# लापरवाही.. प्राथमिक स्कूल में छुट्टी के बाद क्लास रुम में छात्रा को बंद कर घर चले गये शिक्षक

**सोशल मीडिया पर छात्रा के कमरे में बंद होने का वीडियों वायरल होने पर बीएसए ने प्रधानाध्यापिका को किया निलंबित, एबीएसए को दिये जांच के निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज क्षेत्र के सिसेंडी गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुद्दवार को शिक्षक की लापरवाही नजर आई.लापरवाह शिक्षक छुट्टी के बाद स्कूल के कमरे में सोती हुई एक छात्रा को बंद कर चले गये.जब छात्रा नींद से जागी तो वह अपने आपको कमरे में बंद देख रोने लगी.स्कूल के करीब से गुजर रहे सजग ग्रामीण ने छात्रा को स्कूल के अंदर बंद व रोता देखा तो प्रधान प्रतिनिधि समेत परिजनो को सूचना दी ।जिसके बाद प्रधान प्रतिनिधि ने शिक्षामित्र को मौके पर बुलाकर चाभी से ताला खुलवाकर अंदर बंद छात्रा को बाहर निकला ।इस दौरान करीब एक घंटे तक छात्रा स्कूल के अंदर बंद रही ।सोशल मीडिया पर पूरे मामले का वीडियों वायरल हुआ तो बीएसए ने प्रथम द्दष्टया जांच में प्रधानाध्यापक को दोषी मनाते हुये निलंबित करने के साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दियें।

मोहनलालगंज विकासखंड के सिसेंडी गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षको की लापरवाही से कक्षा-1 की छात्रा महक एक घंटे तक विद्यालय के कक्ष में बंद रही.दरअसल महक को पढ़ाई करते समय क्लास में नींद आ गई.दोपहर दो बजे विद्यालय की छुट्टी कर दी गई. छुट्टी के बाद सभी छात्र विद्यालय से चले गए लेकिन किसी का ध्यान महक की ओर नही गया. जल्दबाजी में स्कूल की शिक्षकों ने भी महक को नही देखा. वह विद्यालय के सभी कमरों में ताला लगाकर चले गए. करीब एक घंटे बाद महक की आंख खुली तो वह अपने आप को कमरे में अकेला देख घबरा गई. छात्रा ने कमरे का दरवाजा खोलने की कोशिश की लेकिन बाहर से बंद होने के कारण वह नही खुला. डर की वजह से छात्रा कमरे की खिड़की के पास आकर जोर जोर से रोने लगी. विद्यालय के करीब से गुजर रहे ग्रामीण राजू मिश्रा को छात्रा के रोने की आवाज सुनाई दी.जिसके बाद वो मौके पर पहुंचे छात्रा को बंद कमरे में रोता देखा.जिसके बाद आनन फानन ग्रामीण राजू मिश्रा ने प्रधान प्रतिनिधि राजू जायसवाल को सूचना दी तो उन्होने शिक्षामित्र प्रवीण तिवारी को फोन कर स्कूल की चाभी लेकर मौके बुलवाकर कक्ष का ताला खोलकर छात्रा को बाहर निकाला। जानकारी पर छात्रा के परिजन भी मौके पर पहुंच गए.कमरे से बाहर निकलकर छात्रा अपने पिता रिकूं व मां नीतू से लिपटकर बिलख पड़ी ।पूरे मामले का सोशल मीडिया पर वीडियों वायरल होने पर बीएसए अरुण कुमार ने स्कूल की प्रधानाध्यापिका प्रमिला अवस्थी को निलंबित करने के साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी को जांच कर रिपोट तलब की हैं।

# हत्या करके फेके गए शव के मामले मे, नहीं लगा सुराग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।बिजनौर इलाके में हत्या कर फेके गए राजगीर मिस्त्री रामप्रसाद के शव के मामले में पुलिस को अभी तक घटना के खुलासे के लिए कोई सुराग नहीं लग सका है। हालाकि पुलिस वारदात के खुलासे के लिए बराबर हाथ पांव मार रही है। इसको लेकर मंगलवार से बुधवार शाम तक अब तक कई संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस उनसे पूछताछ भी कर चुकी है, लेकिन पुलिस को उनसे अभी तक ऐसा कोई क्लू नहीं मिल सका है कि जिससे वह हत्यारों के करीब पहुंच सके।उधर बिजनौर इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा की माने तो मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके सिर पर ठोस वस्तु से प्रहार कर हत्या करने की बात सामने आई है।पुलिस सूत्रों की माने तो वह इस घटना का खुलासा करने के लिए अभी भी तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। इंस्पेक्टर का कहना है कि मृतक की पत्नी गायत्री ने जिस रहीमाबाद निवासी मुकेश कनौजिया के ऊपर संदेह जताया था। उससे काफी पूछताछ के बाद भी घटना से जुड़ा कोई क्लू नहीं मिल सका है।जिसकी वजह से उसे पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। फिलहाल पुलिस घटना के खुलासे को लेकर काफी तेजी से जुटी है। पुलिस सूत्रों की माने तो जल्द ही पुलिस के हाथ हत?यारों के करीब होंगे। साथ ही पुलिस की निगाह मृतक के साथियों पर टिकी हुई है। पुलिस को अंदाजा है कि रामप्रसाद के पास हमेशा मोटी रकम जेब में पड़ी रहती थी। पुलिस को संदेह है कि इसी चक्कर में उसके नजदीकियों ने यह घटना अंजाम दी है।इंस्पेक्टर का कहना है कि जल्द ही इस घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।बताते चलें कि बिजनौर के चौधरी मोहल्ला निवासी राजगीर मिस्त्री रामप्रसाद (40) सोमवार तड़के करीब 4 बजे बिजनौर कस्बे में आयोजित मेले में नौटंकी देखने गया था।लेकिन मंगलवार सुबह तक भी वापस घर नहीं लौटा। बाद में उसका शव गांव से कुछ दूर बिजनौर और रहीमाबाद के बीच नाले के पास पड़ा मिला था।उसके कपड़े फटे होने के साथ ही चेहरे और शरीर पर कई जगह खरोच व सिर पर गंभीर चोट के निशान होने के अलावा मुंह से खून बहने के सूखे निशान मिले थे। इस मामले में मृतक राम प्रसाद की पत्नी गायत्री ने बिजनौर के ही रहीमाबाद निवासी मुकेश कनौजिया व कई अन्य लोगों पर हत्या करने का संदेह जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# तेज बुखार की चपेट में आयी दिव्यांग मासूम की मौत,मचा कोहराम

**मोहनलालगंज के बिन्दौवा गांव में तेज बुखार की चपेट में आयी टेंट व्यवसायी की दिव्यांग मासूम बेटी की मौत**

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज क्षेत्र में तेज बुखार का प्रकोप थमने का नाम नही ले रहा है.बिन्दौवा गांव मे टेंट व्यवसायी की सात वर्षीय दिव्यांग मासूम बेटी की तेज बुखार की चपेट में आकर बुद्दवार की सुबह हालत बिगड़ गयी,जिसके बाद परिजन आनन फानन निजी वाहन से इलाज के लिये लोकबंधु अस्पताल लेकर गये,जहां डाक्टर ने मासूम को मृत घोषित कर दिया ।परिजन मासूम का शव घर लेकर पहुंचे तो कोहराम मच गया। मोहनलालगंज के बिन्दौवा गांव में टेंट व्यवसायी विनोद साहू अपनी पत्नी सविता व दो बेटियों छवि(7वर्ष) व 11माह की भूमि के साथ रहते है ।व्यवसायी विनोद ने बताया बीते मगंलवार को दिव्यांग मासूम बेटी छवि को तेज बुखार आ गया,दवा देने पर उतर भी गया,लेकिन बुधवार की सुबह तेज बुखार आने के बाद बेटी की हालत बिगड़ गयी,जिसके बाद आनन-फानन अपनी कार से मासूम को साथ लेकर लोकबंधु अस्पताल पहुंचे,जहां इमरजेंसी में मौजूद डाक्टर ने बेटी को मृत घोषित कर दिया ।परिजन मासूम के शव को घर लेकर पहुंचे तो कोहराम मच गया ।मां सविता मासूम बेटी के शव से लिपटकर बिलख पड़ी ।व्यवसायी विनोद भी बीते कई दिनो से बुखार की चपेट में है। ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला,राजेश पांडे समेत क्षेत्र के सभ्रांत लोगो ने व्यवसायी के घर पहुंचकर ढाढस बंधाया।

# डॉ. राजेश्वर सिंह की अनूठी पहल, प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के बीच बंटवाएं 'तारा शक्ति केंद्रों' में बने इको फ्रेंडली बैग

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ।सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की अभिनव पहल इको फ्रेंडली बैग वितरण कार्यक्रम बुधवार को सरोजनीनगर के मुल्लाही खेड़ा, चंद्रावल, अहमदपुर कमलापुर और बिजनौर प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक की ओर से इन स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को निशुल्क कपड़े से बने बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम में बैग के साथ बच्चों को कॉपी, पेंसिल और चॉकलेट मिली तो उनके चेहरों पर खुशी झलक उठी। इस मौके पर बच्चों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्परिणाम और पर्यावरण की सुरक्षा के बारे में भी बताया गया। विधायक की इस पहल पर सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और बच्चों ने विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का आभार व्यक्त किया। बताते दें कि विधायक द्वारा सरोजनीनगर के प्राथमिक विद्यालयों में निरंतर तारा शक्ति केंद्र में बने इको फ्रेंडली बैग का वितरण किया जा रहा है। इससे पहले बेसिक विद्यालय अमौसी प्राथमिक विद्यालय, अलीनगर खुर्द प्राथमिक विद्यालय, अनौरा प्राथमिक विद्यालय, रसूलपुर इठुरिया प्राथमिक विद्यालय, देवी सिंह खेड़ा और प्राथमिक विद्यालय मीरानपुर पिनवट में बच्चों को कपड़े से बने 850 इको फ्रेंडली बैग उपलब्ध कराए जा चुके हैं। मातृशक्ति स्वावलंबन बच्चों की गुणवत्ता परक शिक्षा के लिए उचित सुविधा संसाधन दिलाना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रमुख संकल्प हैं। बताते चलें कि विधायक द्वारा क्षेत्र के तीन स्कूलों को गोद लेकर उनका कायाकल्प करवाया जा रहा है।साथ ही 55 स्कूलों में पांच विभिन्न प्रकार के झूले भी लगवाए गए हैं। इसके अलावा सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह क्षेत्र की महिलाओं को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर बनाने और भावी पीढ़ी को गुणवत्ता परक शिक्षा दिलाने के लिए संकल्पित हैं।उनके द्वारा क्षेत्र में अब तक 40 तारा शक्ति सिलाई सेंटरों की स्थापना की जा चुकी है, जहां 600 से अधिक सिलाई मशीने भी उपलब्ध कराई गई हैं।

## संक्षेप

### रोजगार मेले का किया गया आयोजन

उन्नाव। जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रीति चन्द्रा ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय उन्नाव द्वारा माह सितम्बर 2023 में रोजगार मेला आज कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया मेले में कंस्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेनिग इंस्टीप्यूट अहमदाबाद गुजरात द्वारा टेकनीशियन कंस्ट्रक्शन टेनिज शिवशक्ति बायो टेक्नोलॉजी लि0 ,द्वारा सेल्स एजीक्यूटीव संजीवनी आयुर्वेद प्रा0लि0 द्वारा सुपरवाइजर स्टोर इंचार्ज विप्रो इलेक्ट्रानिक सर्विस द्वारा मोबाइल निर्माण पीपल ट्री, प्रा0लि0 द्वारा अपरेटर पदों हेतु कुल 185 प्रतिभागियों का साक्षात्कार कर कुल 76 प्रतिभागियों का चयन किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा प्रतिभागी नियोजकों का आभार व्यक्त किया गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में रस्सी के सहारे युवक का लटकता मिला शव

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के दरबारीखेड़ा गांव में मंगलवार रात 40 वर्षीय कैलाश का संदिग्ध हालत में घर के पीछे लगे पेड़ पर रस्सी के सहारे शव लटका मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कैलाश विवाहित था और आर्थिक रूप से सम्पन्न था। परिजन मौत का कारण स्पष्ट नहीं कर सके। ग्रामीणों की मानें तो वह कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत भाई व भाभी घायल

उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-पुरवा मार्ग पर ग्यारह मिल के पास देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पीछे बैठे चचेरा भाई व भाभी घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सत्य नारायणदासखेड़ा गांव के रहने वाले 22 वर्षीय अमित पासवान चचेरे भाई रामकुमार और चचेरी भाभी रानी पत्नी संजय के साथ बाइक से बिछिया रिस्तेदारी में आए थे। रात में तीनों एक बाइक से घर लौट रहे थे। उन्नाव-पुरवा मार्ग पर ग्यारह मिल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार जख्मी हो गए। हादसे में अमित की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चचेरे भाई और भाभी घायल हो गए। मौत की सूचना घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। मृतक के चचेरे भाई दीपक जिला अस्पताल पंहुचे और शव पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया है। अमित खेती करता था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बेटे की मौत से मां रामेश्वरी और अन्य परिजन बेहाल हैं। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कार सवार लुटेरों ने तमंचे की नोक पर लूटे 15 लाख, सीमा विवाद में उलझी रही पुलिस

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ से 15 लाख रुपये लेकर लौट रहे लकड़ी व्यापारी के मुनीम व साथी को मारपीट कर लूट लिया। इसके बाद दोनों को धक्का देकर उतार कर लुटेरे आगरा की ओर भाग गए। पीड़ित के कंट्रोल रूम पर सूचना देने पर लखनऊ के काकोरी थानाध्यक्ष और उन्नाव की हसनगंज कोतवाली पुलिस पहुंची। दोनों सीमा विवाद में उलझ गए। इसके बाद में एसपी के साथ लखनऊ बांगरमऊ और हसनगंज सीओ मौके पर पहुंचे। बुधवार सुबह तक जांच चलती रही। हसनगंज पुलिस पीड़ित को अपने साथ लेकर चली गई। बांगरमऊ कस्बा टोला निवासी शोभित कुमार यहीं के निवासी लकड़ी व्यापारी मोहम्मद सैफी के यहां मुनीम है ।मंगलवार शाम करीब पांच बजे साथी सुधीर के साथ प्राइवेट वाहन से लखनऊ गया था। सुधीर बुद्धेश्वर में कहीं रुक गया। तभी शोभित ने अड्डी मलिक को फोन कर आशियाना से तगादे का 15 लाख रुपये उठाने की बात कर रुपए लेने चला गया। रात करीब नौ बजे शोभित और सुधीर फिर बुद्धेश्वर मंदिर के पास ही मिले ।औरवाहन के इंतजार में खड़े हो गए तभी कार चालक ने बैठा लिया। कार 50 मीटर ही चली होगी, तभी दो और युवक आकर बैठे। पीड़ित का आरोप है कि बाद में बैठे लोगों ने उसके और साथी के साथ मारपीट की। डेढ़ किलोमीटर आगे जाकर हसनगंज के बराती खेड़ा गांव के पास 15 लाख रुपये और मोबाइल फोन लूटने के बाद भाग निकले ।रात दो बजे तक चलता रहा सीमा विवादपीड़ित के अनुसार उसने साथी के मोबाइल से पुलिस को सूचना दी। इसके बाद दूसरे वाहन से लकड़ी व्यापारी के पास बांगरमऊ पहुंचा। सूचना पर लखनऊ के काकोरी थाना एसओ प्रवीण सिंह और उन्नाव के हसनगंज कोतवाल राजेश सिंह भी पंहुचे। दोनों एसओ के बीच घटनास्थल को लेकर रात दो बजे तक सीमा विवाद चलता रहा ।मोबाइल को सर्विलांस पर लगायाबुधवार सुबह एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा, एसपी शशि शेखर सिंह, सीओ बांगरमऊ, हसनगंज और लखनऊ फिर घटना स्थल पहुंचे और पीड़ित से पूछताछ की। मुनीम के लूटे गए मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया, तो उसकी लोकेशन हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के बड़ा देवगांव में मिली है ।सुधीर के 20 हजार रुपये और मोबाइल सुरक्षितकार सवार लुटेरों ने सिर्फ शोभित को निशाना बनाया। इससे यह शक जाहिर किया जा रहा है कि लुटेरों को पहले से शोभित के पास रुपए होने की जानकारी थी। क्योंकि साथ रहे सुधीर की जेब में भी 20 हजार रुपये और मोबाइल था, वह नहीं लूटा ।सीमा विवाद को लेकर तीखी नोकझोंकलूट की घटना के बाद हसनगंज और काकोरी एसओ में तीखी नोकझोंक हुई। हसनगंज कोतवाल के चालक से धक्कामुक्की भी हुई। सूत्रों के अनुसार काकोरी एसओ ने उच्चाधिकारियों से शिकायत कर निलंबित कराने तक की धमकी दे डाली।

## जिला सहकारी बैंक के नवीन भवन का हुआ शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। कस्बे में स्थित जिला सहकारी बैंक के नवीन भवन के शिलान्यास अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने बताया कि सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को पूरा करने के लिए सहकारिता आंदोलन की महती आवश्यकता है। कहा कि पूर्व की सरकारों ने सहकारिता आंदोलन का जमकर दुरुपयोग किया ।नतीजतन कई समितियां बन्दी की कगार तक पहुच चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा समितियों के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर बैठे गरीबो को लाभ दिलाने के लिए प्रयत्नशील है। कहा कि बी पैक्स सहकारिता आंदोलन की रीढ़ है जो ग्रामीण क्षेत्र के कृषको की अनेक आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने सहकारिता विभाग में ईमानदार कार्यकर्ताओ का हस्तक्षेप बढ़ाकर किसानों को लाभन्वित करने का प्रयास कर रही है। कहा कि मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि एक से 30 सितम्बर तक चलाए जा रहे बी पैक्स सदस्यता महाभियान में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह सदस्यता महाभियान में एक रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक अरुण सिंह ने बताया कि महाभियान के तहत जनपद में 48 हजार सदस्य बनने के लक्ष्य के विपरीत 27 सितम्बर तक ही 55 हजार सदस्य बनाए जा चके है। उनका प्रयास 75 हजार सदस्य बनाने का है। संयुक्त आयुक्त एवं निबन्धक सहकारिता लखनऊ मण्डल दीपक सिंह ने जनपद में महाभियान की सफलता पर खुशी जाहिर की। उन्होंने जनपद में सहकारिता की प्रगति में बराबर सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के आयोजक अध्यक्ष जिला सहकारी संघ नवाबगंज बालेन्द्र प्रताप सिंह ने अगन्तको का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सहकारिता की प्रगति के लिए उनका सदैव उल्लेखनीय प्रयास रहा है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक संजय पांडे, एआर मुलायम सिंह, शाखा प्रबंधक चंद्र प्रकाश, निर्देशक शिव मोहन शर्मा, सभासद मुन्ना सिंह, अभेन्द्र सिंह, योगेंद्र तिवारी, मोहित प्रताप सिंह, राहुल प्रताप सिंह, राम प्रताप यादव, रमेश चंद्र यादव, वीरपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह समेत सैकड़ो की तादाद में लोग मौजूद रहे।

## कोआपरेटिव बैंक की डायरेक्टर ने बाटे लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। सरकार द्वारा चलाई गरीबो के कल्याण हेतु चलाई जा रही आयुष्मान योजना जिसमे लाभार्थियों को 5 लाख तक का इलाज मुफ्त किया जाएगा के गोल्डन कार्ड बाटे गए। कोऑपरेटिव बैंक की डायरेक्टर व क्षेत्रीय अवध प्रान्त की सदस्या प्रशून जोशी ने बुधवार को भगवंतनगर के टाउन एरिया हाल में लाभार्थियों को कार्ड देते हुए बताया प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा की पार्टी का मुख्य उद्देश्य समाज के हर तबके के लोगो को प्रत्यक्ष लाभ पहुचाना है। इस अवसर पर करीब 50 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बाटे गए। कार्यक्रम के दौरान विधानसभा संयोजक महेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष सुमेरपुर आशीष बाबा,जिला कार्यसमिति सदस्य श्री कांत तिवारी,महामंत्री विनीत सिंह,महामंत्री



नरेश मिश्रा,उपाध्यक्ष शिव प्रताप सिंह,मंडल मंत्री प्रभांसू बाजपेयी,पंकज गुप्ता सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में गठित युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों को जनपद के विशेष पर्यटन स्थलों ( दुर्गा कुशहरी, पंक्षी विहार नवाबगंज) आदि के भ्रमण हेतु राजकीय निराला उद्यान से पंकज गुप्ता विधायक सदर द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया गया। इस अवसर



पर एस०पी०सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक, उन्नाव संतोष सिंह जिला पर्यटन अधिकारी, उन्नाव, किरन भारती प्रधानाचार्या रा०बा०इं०कालेज उन्नाव नीता वर्मा, प्रज्ञा मिश्रा प्रवक्ता रा०बा०इं०का उन्नाव, चन्द्रशेखर प्रवक्ता डी०वी०डी०टी०इं०का उन्नाव, राजेन्द्र सिंह स०अ० अटल बिहारी इं०कालेज उन्नाव विनोद कुमार विश्वकर्मा, स०अ० एम०एल ०आई०के० इं०का०जैतीपुर, राजेश कुमार शुक्ला, स०अ० राजकीय इं०कालेज, उन्नाव आदि उपस्थित रहे।


## युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में गठित युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों को जनपद के विशेष पर्यटन स्थलों ( दुर्गा कुशहरी, पंक्षी विहार नवाबगंज ) आदि के भ्रमण हेतु राजकीय निराला उद्यान से पंकज गुप्ता विधायक सदर द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया गया।

इस अवसर पर एस०पी०सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक, उन्नाव संतोष सिंह जिला पर्यटन अधिकारी, उन्नाव, किरन भारती प्रधानाचार्या रा०बा०इं०कालेज उन्नाव नीता वर्मा, प्रज्ञा मिश्रा प्रवक्ता रा०बा०इं०का उन्नाव, चन्द्रशेखर प्रवक्ता डी०वी०डी०टी०इं०का उन्नाव, राजेन्द्र सिंह स०अ० अटल बिहारी इं०कालेज उन्नाव विनोद कुमार विश्वकर्मा, स०अ० एम०एल०आई०के०इं०का०जैतीपुर, राजेश कुमार शुक्ला, स०अ० राजकीय इं०कालेज, उन्नाव आदि उपस्थित रहे।


## दंगल का हुआ आयोजन विजेता को किया पुरस्कृत

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। तहसील के गांव भोगईता में परंपरा रूप से आयोजित दंगल में सोनवा खेड़ा के धुन्नी ने दंगल विजयश्री का खिताब जीत लिया वही हड़हा के नागेंद्र व बदरका सुलखान ने अच्छी कुश्ती कलाकार प्रदर्शन किया। आयोजन समिति द्वारा इन विजयी पहलवानों को नगर धनराशि देकर सम्मानित किया गया। दंगल का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला ने किया। उन्होंने कहा कुश्ती भारत का प्राचीनतम खेल है और बैसवारे में दंगल आयोजन की परंपरा सदियों पुरानी है। जनपद के अनेक पहलवान प्रदेश व देश स्तर पर नाम रोशन कर रहे हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान सुशील कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सिकंदरपुर करण के पूर्व ब्लाक प्रमुख शिवाकांत शुक्ला, शिक्षक नेता रजन्ना मिश्रा, संजय शुक्ला, गुरु प्रसाद, हरिओम, डॉ रमेश लोधी मौजूद रहे। घाटमपुर मुड़कटी चौराहे पर दशको पुराने दंगल का आयोजन हुआ जिसमें पहलवानों ने अच्छी कुश्ती कला का प्रदर्शन किया। आयोजक पहलवान मोनू, कंचन सिंह, भानु सिंह, रामस्वरूप पहलवान मौजूद रहे।

## तीन शातिर लुटेरो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। थाना अचलगंज पुलिस द्वारा तीन शातिर लुटेरों को लूटी गई एक जोडी पायल, एक मंगलसूत्र, 460 रुपए नकद व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया गया। बता दे की थाना अचलगंज पर मंगलवार को सरोजनी पत्नी विजयप्रताप ग्रा० फत्तेपुर थाना बीघापुर जनपद उन्नाव ने उपस्थित थाना आकर तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 25 सितंबर को वादिनी से पायल तथा मंगलसूत्र व पर्स जिसमें 1000 रुपये थे छीन कर ले जाने के सम्बन्ध मे मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। जिसमे बुधवार को थानाध्यक्ष प्रशान्त द्विवेदी, उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, उप निरीक्षक नीरज सिंह, उप निरीक्षक विमलकान्त गोयल, उप निरीक्षक रविशंकर मिश्रा मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त संबन्धित अभियुक्तगण मोहम्मद जिवराइल पुत्र मोहम्मद अजहर निवासी मछरियागढी थाना नौबस्ता जिला कानपुर नगर, अरबाज पुत्र स्व० निसार नि० निबियाखेड़ा मजरा भदवारा थाना सजेती जि० कानपुर नगर, हसन उर्फ हसरैन पुत्र स्व० उली हसन उर्फ उलिया निवासी निबियाखेड़ा मजरा भदवारा थाना सजेती जि० कानपुर नगर को लूटा गये सामान दो पायल (एक जोड़ी) सफेद धातु व एक मंगलसूत्र का लाकेट पीली धातु व 460 रुपए नकद व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

## बक्सर घाट में हुई महागंगा आरती

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बक्सर घाट में माँ चन्द्रिका देवी मंदिर के तट पर बहने वाली पतित पावनी माँ गंगा की महा आरती आयोजित की गई। गंगा समग्र अभियान के तत्वाधान में महा गंगा आरती का आयोजन राष्ट्रीय नदी दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। इस अवसर पर करीब 501 दीपदान भी माँ गंगा में प्रवाहित किया गए। चंडिका माता धाम बक्सर में गंगा तट पर हुए इस आयोजन में भाजपा नेता स्व नीरज बाजपेयी के भाई अवधेश बाजपेई आशू गंगाभाग संयोजक एवं घाट आयाम प्रमुख अवध प्रांत, मुख्य अतिथि रवि शंकर शुक्ला विश्व हिंदू परिषद समरसता प्रमुख कानपुर प्रांत एवं विशिष्ट अतिथि प्रवीण मिश्रा भानू नगर पालिका अध्यक्ष उन्नाव प्रतिनिधि के साथ जिलाकार्यसमिति भाजपा राजेश कुमार तिवारी, हिमांशु चौहान पंकज द्विवेदी, अश्वनी पांडे ,संजय मिश्रा, महेंद्र मिश्रा, मुन्ना अग्निहोत्री, मुन्ना सिंह, नीरज सिंह, राजू सिंह, राज बक्स सिंह पूर्व प्रधानाचार्य,लल्लन सिंह प्रधान ओसिया,कमलेश एडवोकेट ओसिया , अंकित पांडेय ,राम मंगल मिश्र सहित सैकड़ो की संख्या में गंगा भक्त उपस्थित रहे।



## घर में घुसकर चोरों ने पार कर दिया हजारों का सामान



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। बीती रात अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर मोबाइल समेत हजारों का सामान पार कर दिया सुबह जब परिजनो को पता चला तो उनके होश उड़ गए पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी पुलिस मामले की जांच कर रही है कस्बा के दुबियाना निवासी अविरल दीक्षित पुत्र राकेश कुमार ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया की बीती रात घर के सभी लोग सो रहे थे अज्ञात चोर घर में घुसकर मोबाइल समेत हजारों का सामान पार कर दिया सुबह जब परिजनो को पता चला तो उनके होश उड़ गए प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में पूजन एवं श्रृंगार संपन्न

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव.। मां कल्याणी मंदिर में स्थापित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में भादो मास त्रयोदशी ( प्रदोष ) शुक्ल पक्ष बुधवार के शुभ अवसर पर आचार्य जुगल किशोर तिवारी के आचार्यत्व में मुख्य यजमान ललिता रामप्रसाद गुप्त वीना सिंह मोहनी मिश्रा, रामभोली ,दीपिका कश्यप ,दिगम्बर पाण्डे, निशा श्रीवास्तव वर्षा तृप्ति श्रीवास्तव ,श्रीमती रेनू गुप्ता,ईशान गुप्ता,श्रीकांत तिवारी ,कु० सची तिवारी, संतोष कुमार गुप्ता व सुषमा गुप्ता द्वारा बाबा सोमनाथ ,बाबा मल्लिकार्जुन,बाबा महाकाल बाबा ओंकारेश्वर, बाबा वैद्यनाथ,बाबा विश्वनाथ ,बाबा भीमाशंकर ,बाबा रामेश्वर ,बाबा नागेश्वर, बाबा त्रयम्बकेश्वर,बाबा केदारनाथ ,बाबा घृष्णेश्वर का पूजन एवं श्रृंगार किया गया पूजन की व्यवस्था पदम नाथ गोपाल सचिव, कमलेश नाथ अवस्थी,सर्वेंद्र सिंह चौहान एवं सुशील तिवारी सभासद द्वारा की गई माँ कल्याणी मंदिर सेवा समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पी०के० मिश्रा के अनुसार अगला पूजन 12 अक्टूबर 2023 को दोपहर 12:00 बजे से होगा।



## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हिन्दूनगर मजरे भाटनखेरा निवासी शिवशंकर उर्फ शंकरी 42 वर्ष पुत्र ननकऊ की मौत गले मे गमछा कसने से हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। परिवारवालों के अनुसार म्रतक नशे का आदी था। म्रतक की पत्नी गंगादुलारी ने बताया शिवशंकर घर के बाहर बने मंदिर के बरामदे में ही अक्सर सोया करता था। बुधवार की रात करीब 12 बजे जब हमने टार्च लगा देखा तो आवाक रह गयी। शिवशंकर के गले मे गमछा कसा था । उसके घुटने जमीन पर थे । मंदिर के बरामदे के पिलर से लटका था। तत्काल पुलिस को सूचना दी गयी। म्रतक के एक पुत्र संदीप है जिसकी शादी हो चुकी है जबकि दूसरा पुत्र अभी अविवाहित है। थाना प्रभारी संदीप शुक्ला ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपरांत उचित कार्यवाही की जाएगी।

## अधिशाषी अधिकारी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण की बैठक का आयोजन किया गया

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ऊगू मोनिका उमराव की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण की बैठक का आयोजन किया गया। यूनिसेफ की बी.एम.सी. संजू झा ने कार्यक्रम में मौजूद नगर के सभासद, सफाई नायक व सफाई कर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 3 अक्टूबर 2023 से अभियान चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत नगर में साफ सफाई,नाले नालियों की सफाई,जल भराव का निस्तारण,कीटनाशक दवाओं व एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाएगा। जिससे मच्छरों से फैलने वाले रोग डेंगू,मलेरिया, दिमागी बुखार आदि से बचाव किया जा सके। इसी क्रम में मोनिका उमराव ने सभी से अपील की नगर के लोगो को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें लोगो को खुले में शौच जाने से रोके, अपने आस पास सफाई रखने को कहे व बरसात का पानी एकत्रित न होने दे साथ ही शुद्ध पेयजल पीने में प्रयोग करने के लिए जागरूक करें ।कार्यक्रम में अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव पूर्व चेयरमैन अनुज दीक्षित सभासद राजेश कुमार, अनुराग,नितिन देशराज,सत्येंद्र,हर्ष के साथ सहदेव अशोक,अर्जुन,शुभम,नदीम,विमल सहित नगर के सफाई कर्मी मौजूद रहे।

## गरीबों का राशन डकार कर कोटेदार हुआ फरार

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमोईया जगदीश पुर के कोटेदार मोहित सिंह के खिलाफ अंगूठा लगवा कर राशन ना देने का आरोप लगाया गांव के लोगों ने बताया की 17/9/2023 को कोटेदार ने गांव के लोगों से अंगूठा लगवा कर राशन नहीं दिया बोले राशन नहीं है जिस पर ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ उप जिलाधिकारी हसनगंज को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की वही मामले की जानकारी होने पर मौके पर तहसीलदार तरुण प्रताप पूर्ति निरक्षक अधिकारी अमित कुमार यादव के द्वारा जांच की गई जिसमें मौके पर राशन नहीं मिला कोटेदार का भ्रष्टाचार सामने आया जिसमें कार्यवाही करने की बात कही उप जिलाधिकारी नवीन चंद्र ने बताया की गांव के लोगों द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया था कोटेदार के खिलाफ राशन न देने का आरोप लगाए गए हैं जांच कर ज़िला अधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई है

**पूर्ति निरीक्षक अधिकारी अमित कुमार ने बताया की जांच की गई है जिसमें मौके पर राशन नहीं मिला है रिपोर्ट भेजी गई है रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।**

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमनलेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। भगवंतनगर कस्बे के एक वार्ड से किशोरी से छेड़छाड़ व दुष्कर्म का आरोपित युवक को गिरफ्तार कर मा०न्याय० के समक्ष भेज दिया गया है ।कस्बे में ही बीते दिनों 21 सितंबर गुरुवार किशोरी की माता ने अपनी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। मेडिकल उपरांत दुष्कर्म की भी बात सामने आई जिस पर चौकी पुलिस व थाना बिहार पुलिस द्वारा सँयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए पाक्सो एक्ट व एससी/एसटी एक्ट व दुष्कर्म में वांछित चल रहे अभियुक्त अमरकान्त लोध पुत्र रतिपाल निवासी ग्राम गोबरहा चौकी भगवंतनगर थाना बिहार को बुधवार दोपहर बैलाही बाजार कस्बा भगवन्तनगर थाना बिहार जनपद उन्नाव को भगवन्तनगर चौराहे से पतारी रोड पर लगभग 100 मी0 की दूरी पर गिरफ्तार कर लिया गया गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुये मा0 न्या0 के समक्ष पेश भेज दिया गया।

**लोकसभा विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण के प्रावधान वाला नारी शक्ति वंदन विधेयक दोनों सदनों में पास हो चुका है, अब इसके कानून बनने की राह आसान हो गई है। इसके लागू होने में अभी तीन से चार साल लगेंगे, लेकिन इसको लेकर अभी से राजनीति गर्म है। सभी दल श्रेय लेने की होड़ में हैं। हकीकत यह है कि यही दल पूर्व में अपने अपने कारणों से बिल का विरोध करते रहे हैं, 1996 से 2008 तक संसद में चार बार महिला आरक्षण विधेयक पेश किए गए पर दलों ने पास नहीं होने दिया। दल अगर चाहते तो टिकट देने में बिना किसी कानून के 33 फीसदी के नियमों का पालन कर सकते थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी टिकट वितरण में कानून कोई अड़चन नहीं है। जब स्त्रियां बैंकों, कॉरपोरेट हाउसों, सेना और मीडिया हाउसों का संचालन कर रहीं है तो वे संसद की कार्य-पद्धति में भी क्रांतिकारी बदलाव ला सकती हैं। बस मौका चाहिए। महिला आरक्षण के बाद अगले चुनावों पर पड़ने वाले सियासी असर का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# स्त्री-सशक्तिकरण की दिशा में कदम



**विश्लेषण**

प्रमोद जोशी

वरिष्ठ पत्रकार

**नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद के दोनों सदनों में पास हो गया। यह अभी लागू नहीं होगा। इसे लागू करने के साथ दो बड़ी शर्तें जुड़ी हैं। जनगणना और परिसीमन। इस वजह से आगामी चुनाव में यह लागू नहीं होगा, पर चुनाव का एक मुद्दा जरूर बनेगा, जहां सभी पार्टियां इसका श्रेय लेंगी। इसकी सबसे बड़ी वजह है, महिला वोट। महिला पहले 'वोट बैंक' नहीं हुआ करती थीं। 2014 के चुनाव के बाद से वे 'वोट बैंक' बनती नज़र आने लगी हैं। केवल शहरी ही नहीं ग्रामीण महिलाएं भी 'वोट बैंक' बन रही हैं। ज़रूरी नहीं है कि इसका श्रेय किसी एक पार्टी या नेता को मिले। सबसे बड़ी वजह है पिछले दो दशक में भारतीय स्त्रियों की बढ़ती जागरूकता और सामाजिक जीवन में उनकी भूमिका। राजनीति इसमें उत्प्रेरक की भूमिका निभाएगी। सच यह है कि एकाध साल में परिसीमन नहीं होता। उसमें कई साल लग जाते हैं। 2031 की जनगणना के बाद फिर परिसीमन होगा?**

नारी शक्ति वंदन विधेयक और उसके छह अनुच्छेद गुरुवार को राज्यसभा से भी पास हो गए। जैसी सर्वानुमति इसे मिली है, वैसी बहुत कम कानूनों को संसद में मिली है। 1996 से 2008 तक संसद में चार बार महिला आरक्षण विधेयक पेश किए गए, पर राजनीतिक दलों ने उन्हें पास होने नहीं दिया। 2010 में यह राज्यसभा से पास जरूर हुआ, फिर भी कुछ नहीं हुआ। ऐसे दौर में जब एक-एक विषय पर राय बंटी हुई है, यह आमराय अपूर्व है, पर इसे लागू करने के साथ दो बड़ी शर्तें जुड़ी हैं। जनगणना और परिसीमन। इस वजह से आगामी चुनाव में यह लागू नहीं होगा, पर चुनाव का एक मुद्दा जरूर बनेगा, जहां सभी पार्टियां इसका श्रेय लेंगी। इसकी सबसे बड़ी वजह है, महिला वोट। महिला पहले 'वोट बैंक' नहीं हुआ करती थीं। 2014 के चुनाव के बाद से वे 'वोट बैंक' बनती नज़र आने लगी हैं। केवल शहरी ही नहीं ग्रामीण महिलाएं भी 'वोट बैंक' बन रही हैं। ज़रूरी नहीं है कि इसका श्रेय किसी एक पार्टी या नेता को मिले। सबसे बड़ी वजह है पिछले दो दशक में भारतीय स्त्रियों की बढ़ती जागरूकता और सामाजिक जीवन में उनकी भूमिका। राजनीति इसमें उत्प्रेरक की भूमिका निभाएगी।

## रोका किसने?

इस विधेयक को लेकर इतनी जबर्दस्त सर्वानुमति है, तो इसे फौरन लागू करने से रोका किसने है? कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में कहा, जब सरकार नोटबंदी जैसा फैसला तुरंत लागू करा सकती है, तब इतने महत्वपूर्ण विधेयक की याद साढ़े नौ साल बाद क्यों आई? बात तो बहुत मार्के की कही है, पर जब दस साल तक कांग्रेस की सरकार थी, तब उन्हें किसने रोका था? सोनिया गांधी ने लोकसभा में सवाल किया, मैं एक सवाल पूछना चाहती हूं।

भारतीय महिलाएं पिछले 13 साल से इस राजनीतिक ज़िम्मेदारी का इंतज़ार कर रही हैं। अब उन्हें कुछ और साल इंतज़ार करने के लिए कहा जा रहा है। कितने साल? दो साल, चार साल, छह साल, या आठ साल? संसद में इस बार हुई बहस के दौरान कुछ सदस्यों ने जनगणना और सीटों के परिसीमन की व्यवस्थाओं में संशोधन के लिए प्रस्ताव रखे, पर वे ध्वनिमत से इसलिए नामंजूर हो गए, क्योंकि किसी ने उन पर मतदान कराने की मांग नहीं की। सीधा अर्थ है कि ज्यादातर सदस्य मानते हैं कि जब सीटें बढ़ जाएंगी, तब महिलाओं को उन बढ़ी सीटों में अपना हिस्सा मिल जाएगा। कांग्रेस ने भी मत विभाजन की मांग नहीं की। जब आप दिल्ली-सेवा विधेयक पर मतदान की मांग कर सकते हैं, तो इस विधेयक को फौरन लागू कराने के लिए मत-विभाजन की मांग क्यों नहीं कर पाए? खुशी की बात है कि मंडलवादी पार्टियों ने इसे स्वीकार कर लिया। कांग्रेस ने ओबीसी कोटा की मांग की, जबकि इसके पहले वह इसके लिए तैयार नहीं थी।



## टिकट कोटा

अगले चुनाव में इस आरक्षण को लागू कराने में व्यावहारिक दिक्कतें हैं, पर यह भी कोई अड़ंगा है? सच यह है कि यह विधेयक पास नहीं भी हुआ, तब भी राजनीतिक दल चाहते, तो सीट वितरण में 33 प्रतिशत का नियम लागू कर सकते थे। अब भी कर सकते हैं। वे घोषणाएं करते भी रहते हैं, पर करते कुछ नहीं हैं। 2019 के चुनाव में ओडिशा में बीजू जनता दल और बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने इस वादे को निभाया भी, पर बड़े राष्ट्रीय दलों ने ऐसा कुछ नहीं किया। संसद के दोनों सदनों में इस विधेयक पर हुई चर्चा के बहाने राजनीति में महिलाओं की भूमिका से जुड़े महत्वपूर्ण सवाल उठाए गए। इस विधेयक को लाने में हुई देरी और 33 प्रतिशत महिलाओं के भीतर ओबीसी के आरक्षण को लेकर सवाल उठाए गए। विलंब हुआ सो हुआ, अब उसे 2029 तक टालने को लेकर भी कई वक्ताओं ने सवाल उठाए। कुछ सदस्यों ने इस बात को भी उठाया कि पार्टियों की आंतरिक राजनीति में भी महिलाओं की भूमिका बढ़नी चाहिए। लागू हो जाने के बाद महिला आरक्षण केवल 15 साल के लिए ही वैध होगा, लेकिन इस अवधि को संसद आगे बढ़ा सकती है। एससी-एसटी के लिए आरक्षित सीटें भी केवल सीमित समय के लिए ही थीं, लेकिन इसे एक बार में 10 साल तक बढ़ाया जाता रहा है।

## एक तिहाई का मतलब

विधेयक में कहा गया है कि लोकसभा, राज्यों की विधानसभाओं और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए जितनी सीटें आरक्षित हैं, उनमें से एक तिहाई सीटें अब महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। लद्दाख, पुदुच्चेरी और चंडीगढ़ जैसे केंद्र शासित राज्यों में, जहां लोकसभा की केवल एक-एक सीटें हैं, वहां सीटें कैसे आरक्षित की जाएंगी, यह स्पष्ट नहीं है। पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों, जैसे मणिपुर और त्रिपुरा में दो-दो सीटें हैं, जबकि नगालैंड में लोकसभा की एक ही सीट है। 2010 में राज्यसभा में पारित किए गए विधेयक में कहा गया था कि जिन राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में केवल एक सीट है, वहां एक लोकसभा चुनाव में वह सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होगी और अगले दो चुनाव में वह सीट आरक्षित नहीं होगी। वहीं दो सीटों वाले राज्यों में दो लोकसभा चुनावों में एक सीट आरक्षित होगी, जबकि तीसरे चुनाव में महिलाओं के लिए कोई सीट आरक्षित नहीं होगी। वर्तमान लोकसभा पर इस गणित को लागू करने का मतलब है कि 543 में से 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इस समय 131 सीटें अजा-जजा के लिए आरक्षित हैं। महिला आरक्षण विधेयक के आधार पर इनमें से 43 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इन 43 सीटों को सदन में महिलाओं के लिए आरक्षित कुल सीटों के एक हिस्से के रूप में गिना जाएगा। यह गणना लोकसभा में सीटों की वर्तमान संख्या पर की गई है। परिसीमन के बाद इसमें बदलाव आ जाएगा, क्योंकि तब कुल सीटों की और महिला सीटों की भी संख्या ज्यादा होगी।

## परिसीमन से जुड़े सवाल

परिसीमन में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों की जनसंख्या के आंकड़ों के आधार पर सीमाएं तय की जाती हैं। पिछला देशव्यापी परिसीमन 2002 में हुआ था। इसे 2008 में लागू किया गया था, पर सीटें नहीं बढ़ीं। 1976 में संवैधानिक संशोधन के बाद लोकसभा में निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या का विस्तार वर्ष 2001 तक के लिए रोक दिया गया था। फिर 2001 में संविधान संशोधन करके इसे 2026 तक के लिए फ्रीज़ कर दिया गया। परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद लोकसभाओं के चुनाव होने पर महिला आरक्षण लागू हो सकता है। बदलती आबादी के हिसाब से ये एक सतत प्रक्रिया है। इसके लिए क़ानून बनाकर परिसीमन आयोग की स्थापना की जाती है। इस आयोग का गठन वर्ष 1952, 1962, 1972 और 2002 में कानून के ज़रिये ही किया गया था। इस प्रक्रिया को चलाए रखने में क्या दिक्कतें थीं, जो उसे रोका गया? भविष्य में यह क्या जारी रहेगी?

## उत्तर बनाम दक्षिण

जनसंख्या किसी भी निर्वाचन क्षेत्र की सीमा तय करने का मापदंड है। प्रत्येक राज्य को उसकी जनसंख्या के अनुपात में लोकसभा सीटें मिलती हैं। अब दक्षिण भारत और उत्तर भारत के बीच सदस्यों की संख्या को लेकर विवाद पैदा होने वाला है। दक्षिण के लोगों का कहना है कि जनसंख्या-नियंत्रण में हमारी भूमिका बड़ी है, पर संसद में प्रतिनिधित्व भी हमारा ही कम होगा, ऐसा क्यों? मान लिया कि 2024 के फौरन बाद जनगणना हो गई, फिर भी उसके आंकड़े लाने में कुछ समय लगेगा। मान लेते हैं कि 2026 के एकाध साल बाद परिसीमन हो जाएगा और 2029 के चुनावों में सीटें बढ़ जाएंगी। सच यह है कि एकाध साल में परिसीमन नहीं होता। उसमें कई साल लग जाते हैं। 2031 की जनगणना के बाद फिर परिसीमन होगा? क्या वह 2034 तक पूरा हो पाएगा?

## स्त्रियों की भूमिका

जब स्त्रियां बैंकों, कॉरपोरेट हाउसों, कारखानों, प्रयोगशालाओं, सेना, हवाई जहाजों, रेल-इंजनों और मीडिया हाउसों का संचालन कर रहीं हैं, तो वे संसद और विधानसभाओं की कार्य-पद्धति में भी क्रांतिकारी बदलाव ला सकती हैं। सत्ता की चाबी स्त्रियों के हाथ में लगेगी, तभी बड़े बदलावों की उम्मीद करनी चाहिए। जन-प्रतिनिधि के रूप में ही स्त्रियां उन संरचनात्मक अवरोधों को गिराएंगी, जो समस्या के रूप में हमारे सामने खड़े हैं। पार्टियों के भीतर क्रमिक रूप से स्त्रियों के महत्व को स्थापित करने और सीटों के आवंटन में उन्हें वरीयता देने से भी यह काम हो सकता है। दुनिया के कई देशों में इसे सफलता भी मिली है। मसलन स्वीडन की संसद में सीटों का कोटा नहीं है, बल्कि पार्टियों के भीतर कोटा है। वहां संसद में 47 फीसदी स्त्रियों की उपस्थिति है।

## वैश्विक स्थिति

अर्जेंटीना में सीटों का कोटा है और पार्टियों के भीतर भी कोटा है। वहां 40 फीसदी स्थान स्त्रियों के पास हैं। नॉर्वे की संसद में 36 फीसदी महिला सदस्य है। हमारी वर्तमान 17वीं लोकसभा में 82 महिलाएं चुनकर आईं। उनका प्रतिनिधित्व करीब 15 फीसदी है। देश के 19 राज्यों की विधानसभाओं में प्रतिनिधित्व 10 फीसदी से कम है। सोलहवीं लोकसभा में 64 यानी कि 11.8 प्रतिशत तक पहुंची। 1952 में पहली लोकसभा में केवल 4.4 फीसदी महिला सदस्य थीं, 1977 में केवल 3.5 फीसदी। पाकिस्तान में 20.6, बांग्लादेश में 19, नेपाल में 30 और सऊदी अरब की संसद में 19.9 फीसदी स्त्रियां हैं। वैश्विक औसत 21 से 22 फीसदी का है। स्त्रियों की भागीदारी वैश्विक औसत से भी नीचे होने का मतलब है कि हमें अपनी लोकतांत्रिक-व्यवस्था पर गहराई से विचार करना चाहिए।

# अधूरी है नारी शक्ति-पूजा



**महिला आरक्षण**

सुशील राजेश

वरिष्ठ पत्रकार

मैंने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर ऐसे दृश्य देखे हैं, जिनसे संसद के प्रति मोहभंग होता रहा है। बिल पर विरोध हो सकता है, लेकिन एक सांसद ने दूसरे सांसद का कॉलर पकड़ लिया। उसे झकझोर भी दिया। बिल की प्रतियां फाड़ दी गईं। हाथापाई तक की नौबत आ गई। आज शरद यादव हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन महिला आरक्षण के खिलाफ वह बेहद आक्रामक रहे। वह कहते रहे कि मर जाएंगे या सांसदी से इस्तीफा दे देंगे, लेकिन महिला आरक्षण बिल पारित नहीं होने देंगे। मुलायम सिंह, शरद यादव ओबीसी महिलाओं के आरक्षण पर अड़े हुए थे। 1996 में तत्कालीन प्रधानमंत्री देवगौड़ा के कार्यकाल में यह बिल पहली बार पेश किया गया था और सदन में चर्चा भी हुई थी, लेकिन उसके बाद प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में चार बार यह बिल लाया गया, जिसका कड़ा विरोध होता रहा। प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने 2008 में यह बिल पेश किया, तो सपा और राजद ने सरकार से समर्थन वापस लेने की धमकी दी। हार कर बिल वापस लेना पड़ा। 2010 में राज्यसभा में यह बिल भाजपा के समर्थन से पारित कराया गया। मई, 2014 में नई लोकसभा बनी, तो पुराने बिल निरस्त हो गए। प्रधानमंत्री राजीव गांधी पंचायत और स्थानीय निकायों में 33 फीसदी आरक्षण का बिल पारित नहीं करा पाए थे। हालांकि इस बार 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर संसद में कोहराम नहीं मचा। कोई हमलावर असंतोष और अराजकता दिखाई नहीं दी। संसद के दोनों सदनों में महिला आरक्षण बिल लगभग सर्वसम्मति से पारित किया गया। लोकसभा में ओवैसी और उनकी पार्टी के एक और सांसद ने ही बिल का विरोध किया। यह सर्वसम्मति और एकजुटता की राजनीति का नया उदाहरण नहीं है, बल्कि चुनावी बाध्यता है। कांग्रेस की तरफ से सोनिया गांधी, अधीर रंजन चौधरी से राहुल गांधी तक सभी सांसदों ने दावा किया कि महिला आरक्षण बिल तो कांग्रेस का है।

## दावा ही गलत

प्रधानमंत्री रहते राजीव गांधी ने इसे पारित कराया था। दरअसल यह दावा ही तथ्यात्मक रूप से गलत है। राजीव गांधी के कार्यकाल में जो बिल लटक गया था, उसे प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने अपनी सरकार के दौरान पारित कराया था। सच्चाई यह है कि महिला आरक्षण किसी भी पक्ष की प्राथमिकता या प्रतिबद्धता नहीं है। संसद से बिल पारित होने के बाद राज्यों की 50 फीसदी विधानसभाएं भी इसकी पुष्टि कर देंगी। अंततः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी इस पर हस्ताक्षर करके कानून की शक्ल प्रदान कर देंगी। इसमें कोई तकनीकी या राजनीतिक बाधा नहीं है, लेकिन महिला आरक्षण कानून कब से लागू होगा, यह बड़ी अनिश्चितता है। 2011 के बाद देश की जनगणना नहीं हुई है। आज भी लोकसभा की 543 सीटें 1971 की जनगणना के आधार पर हैं। उसके बाद हर 10 साल के



अंतराल पर जनगणना होती रही है और आबादी भी बढ़ी है, लेकिन विभिन्न सदनों की सीटें यथावत रही हैं। दरअसल 2001 में 84वां संविधान संशोधन संसद में पारित किया गया था। उसके मुताबिक 2026 तक लोकसभा और अन्य सदनों की सीटें बढ़ाने पर रोक लगा दी गई थी। फिलहाल मोदी सरकार को जनगणना करानी ही होगी। सीटें भी 2026 के बाद बढ़ाई जा सकती हैं।

## कई पेच

अलबत्ता यह किया जाए कि महिला आरक्षण मौजूदा 543 सीटों पर ही लागू किया जाए। उसमें कई तकनीकी पेच हैं। कई राज्य इसके लिए सहमत नहीं होंगे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सरीखे कई विपक्षी नेता हैं, जिनकी आशंका है कि महिला आरक्षण, अंततः, लागू भी नहीं किया जा सकता है। दरअसल यह आशंका बेबुनियाद है, क्योंकि कानून बनने और अधिसूचना जारी होने के बाद उसे लागू करना भी संवैधानिक बाध्यता है। दरअसल ऐसा लगता है कि महिला आरक्षण बिल संसद से पारित तो हो गया, लेकिन उसके जरिये नारी की शक्ति-पूजा फिलहाल अधूरी ही है। आरक्षण अभी 15 साल के लिए है। उसके बाद अवधि बढ़ाने का अधिकार संसद को दिया गया है। राज्यसभा और विधान परिषद में महिलाओं के लिए कोई भी आरक्षण नहीं रखा गया है। राज्यसभा में 245 सांसद चुनकर आते हैं और राज्यों की विधान परिषद में भी जनप्रतिनिधियों की अच्छी-खासी संख्या होती है। संविधान के मुताबिक, ओबीसी और मुस्लिम महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। ओबीसी को सामान्य वर्ग में रखा गया है और मज़हब के नाम पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। हालांकि कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस, सपा, बसपा, एनसीपी और जद-यू आदि विपक्षी दलों के सांसदों ने ओबीसी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने का आग्रह किया है। देश में ओबीसी की आबादी सर्वाधिक 52 फीसदी के करीब है। 2019 के आम चुनाव में करीब 44 फीसदी ओबीसी ने भाजपा को वोट दिए थे। केंद्रीय कैबिनेट में 29 ओबीसी मंत्रियों के अलावा भाजपा के 85 सांसद, 365 विधायक और 40 विधान परिषद सदस्य ओबीसी के हैं। यदि राजनीतिक दलों की बात करें, तो वे 10-12 फीसदी चुनावी टिकट ही महिलाओं को देते हैं। ममता बनर्जी और नवीन पटनायक के उदाहरण भिन्न हैं, जिनके दलों में 33 फीसदी से ज्यादा का प्रतिनिधित्व महिलाओं को दिया जाता है। आरक्षण नहीं मिलेगा, तो क्या दल अपनी ही व्यवस्था में महिलाओं को नए आसमान देंगे?

## पीएम का स्वागत

'नारी शक्ति-पूजा' पूर भाजपा मुख्यालय में खासकर महिलाओं ने प्रधानमंत्री पर फूलों की बरसात कर उनका स्वागत किया और जश्न मनाया। प्रधानमंत्री के संबोधन की भाषा का सारांश भी यही था कि बिल फाड़ने वालों को अंततः बिल को समर्थन देना पड़ा। महिला सशक्तिकरण और उसे विकास, सत्ता, नीति-निर्धारण की मुख्यधारा से जोड़ने की अनिवार्यता और बाध्यता के सामने सभी को हथियार डालने पड़े। 2019 के लोकसभा चुनावों में 67.18 फीसदी महिलाओं ने वोट डाले। यह पुरुषों से अधिक था। भाजपा के पक्ष में 36 फीसदी से अधिक महिला वोट आए, जबकि कांग्रेस के हिस्से करीब 20 फीसदी महिलाएं ही थीं। मोदी सरकार की अधिकतर लाभार्थी योजनाएं महिला-केंद्रित हैं।

अब बिल पारित होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अपने काडर का आह्वान किया है कि महिलाएं गांव-गांव और घर-घर जाएं और इस बिल का प्रचार करें कि कैसे 30 साल के लटके काम को हमारी सरकार ने पूरा किया है। जाहिर है कि देश भर में ऐसे प्रचार से भाजपा को केवल 2024 ही नहीं, राज्यों के चुनावों में भी फायदा मिल सकता है।

# महिलाएं लिख सकती हैं नई इबारत



**नारी शक्ति वंदन**

डॉ. ज्योत्सना शर्मा

वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार

आज हम स्वतंत्रता के 75 वर्षों को पूरा करने के पश्चात अमृत काल में प्रवेश कर चुके हैं। 21वीं सदी के भारत में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका उभर कर सामने आई है। महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कुशल नेतृत्व और प्रबंधन से अपना लोहा मनवा रही हैं, परंतु अभी भी ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां महिलाओं की भूमिका को सिरे से नकार दिया जाता है।

पिछले लंबे समय से संघर्षरत महिला आरक्षण बिल आखिरकार संसद के दोनों सदनों में पेश किया गया और लोकसभा से पारित होकर यह बिल गुरुवार को राज्यसभा से भी पारित हो गया है। इस बिल को नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम दिया गया है। सर्वप्रथम यह बिल वर्ष 1996 में प्रस्तुत किया गया था और वर्ष 2010 में यह बिल यूपीए सरकार में राज्यसभा से पास भी हो गया था, लेकिन सरकार ने लोकसभा में बिल पर चर्चा के दौरान कहा कि लोकसभा चुनाव के फौरन बाद जनगणना और परिसीमन की कार्रवाई होगी, इसका अर्थ यह हुआ कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण दिए जाने से संबंधित कानून बहुत जल्द ही साकार होगा ।

## ऊर्जा देने वाला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक पहल करते हुए लोकसभा और राज्यों की विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने के प्रावधान वाले विधेयक को देश की नारी शक्ति के लिए अकल्पनीय और महिलाओं को नई ऊर्जा देने वाला बताया। यदि हम इस बिल को सरल शब्दों में समझें तो इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम संविधान (128वां संशोधन) अधिनियम, 2023 है। इस अधिनियम में प्रावधान है कि लोकसभा और देश के हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा में एक तिहाई सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इसी के साथ-साथ अनुसूचित जाति और जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों का एक तिहाई हिस्सा आरक्षित किया जाएगा।

## चार बदलाव

इसके अंतर्गत संविधान के चार अनुच्छेदों में बदलाव होगा जो क्रमशः इस प्रकार है, संविधान के अनुच्छेद 239 कक के खंड (2) में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र की विधानसभा में महिलाओं के लिए स्थान आरक्षित किए जाएंगे। संविधान के अनुच्छेद 330 क के अंतर्गत लोकसभा में महिलाओं के लिए स्थान आरक्षित किए जाएंगे। इसी प्रकार संविधान के अनुच्छेद 332 क के अंतर्गत प्रत्येक राज्य की विधानसभा में महिलाओं के लिए स्थान आरक्षित किए जाएंगे और अनुच्छेद 334 क के अंतर्गत यह कहा गया है कि लोकसभा किसी राज्य की विधानसभा और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र की विधानसभा में महिलाओं के लिए आरक्षण से संबंधित संविधान (128 वां संशोधन) अधिनियम 2023 के प्रारंभ के पश्चात पहली जनगणना के सुसंगत आंकड़ों को प्रकाशित किए



जाने के पश्चात इस प्रयोजन के लिए परिसीमन कार्य के पश्चात प्रभावित होंगे । इस बिल पर लोकसभा और राज्यसभा में बहुत ही सार्थक चर्चा हुई । प्रधानमंत्री के संबोधन के उपरांत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जिक्र किया कि पंचायत स्तर पर 33 प्रतिशत आरक्षण के माध्यम से जमीनी स्तर पर सुधार देखने को मिला। वहीं दूसरी और तृणमूल के नेता का कहना था कि सरकार को सहयोग और साझेदारी का रास्ता अपनाने की आवश्यकता है। महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों का हवाला देते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम पर भी आपत्ति दर्ज की गई। जहां इस विधेयक को लेकर ज्यादातर सकारात्मक विश्लेषण ही देखने को मिल रहे हैं

## आंकड़ों पर गौर

ऐसे में कुछ अन्य बातों पर भी गौर करना अति आवश्यक है जैसे राजनीतिक दृष्टि पिछले चुनावों के आंकड़ों पर नज़र डालने पर हम पाएंगे कि पुरुषों की अपेक्षा महिला वोटरों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। ऐसा लगता है मानो सभी राजनीतिक पार्टियां अब महिला वोटरों को चुनाव से पूर्व लुभाना चाहती हैं। सरकार द्वारा वर्ष 2014 से लगातार महिला कल्याण संबंधित बहुत सी योजनाएं लाई गई जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला शक्ति केंद्र, उज्ज्वला योजना इत्यादि और अब जी-20 से विश्वभर में अपनी मेजबानी का डंका बजवाने के बाद महिला आरक्षण विधेयक लाकर सरकार ने अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज करा दी है। जिन-जिन राज्यों में महिला वोटरों की संख्या अधिक रही उन राज्यों में चुने गए मुख्यमंत्री अपनी पकड़ को मजबूत बना सके और महिलाओं के कल्याण संबंधी योजनाओं को पुरजोर तरीके से क्रियान्वित कर सके, चाहे बंगाल में ममता बनर्जी हों या तमिलनाडु में जयललिता जिन्होंने गैस सब्सिडी से लेकर महिलाओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए बसों में मुफ्त यात्रा संबंधी बहुत से कार्यक्रम आरंभ शुरू किए थे, परंतु इन सबके बावजूद राजनीति में महिला नेतृत्व को लेकर उदासीनता स्पष्ट झलकती है।

## सबसे अहम सवाल

प्रश्न यह उठता है कि क्या एक तिहाई आरक्षण के बाद हमें महिला नेतृत्व देखने को मिलेगा। इसके लागू होने में सबसे बड़ी बाधा नई जनगणना के बाद परिसीमन प्रक्रिया है, उसके बाद ही आरक्षण लागू किया जा सकेगा, तत्पश्चात वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद ही यह लागू हो सकेगा। चूंकि इसमें कहा गया है कि आरक्षण के आरंभ होने से लेकर 15 साल बाद प्रावधान की प्रभावित समाप्त हो जाएगी । दूसरा आरक्षित वर्ग से यदि कोई महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ती है तो हो सकता है कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र का विकास करने में इतनी दक्ष और सक्षम ना हो जिसके कारण शायद वह अगला चुनाव भी हार जाए। महिलाओं से ज्यादा से ज्यादा सहभागिता को यह बिंदु सुनिश्चित नहीं करता, क्योंकि राजनीति के अखाड़े में अपने प्रतिद्वंद्वी को चुनौती देने के लिए कुशल मार्गदर्शन और राजनीति में जिस कौशल की आवश्यकता है उसका नितांत अभाव आरक्षित सीटों पर चुनाव लड़ने वाली महिला प्रत्याशियों को झेलना पड़ सकता है। सही जानकारी, सही दिशा में प्रयास के लिए प्रशासन तक पहुंच और शिक्षा के अभाव में क्या यह महिलाएं मुखर होकर अपने क्षेत्र की समस्याएं रख सकेंगी..! शायद नहीं, अभी तो भारत के कई क्षेत्रों में महिलाएं अपने शिक्षा के अधिकार से ही वंचित हैं और आज भी अपने हक की लड़ाई लड़ रही हैं, ऐसे में किस हद तक यह बिल मददगार साबित होगा, इसका फैसला वक्त ही करेगा, परंतु इस बिल को हम एक आशा की किरण के रूप में जरूर देख सकते हैं।

चंद्रयान की सफलता में जिस प्रकार महिला वैज्ञानिकों ने नया इतिहास रच डाला ठीक उसी प्रकार हो सकता है कि तेजी से बदलती अर्थव्यवस्था और भूमंडलीकरण के दौर में महिलाएं राजनीति में अपने कुशल नेतृत्व से नई इबारत लिख दें।

संक्षेप

## दु:खद: वरिष्ठ समाजसेवी के निधन पर क्षेत्र में मायूसी



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। सीमावर्ती क्षेत्र के वरिष्ठ समाज सेवी व कोटेदार शकील अहमद उर्फ मुन्नन निवासी तुलसीपुर (अगैय्या) की बीते मंगलवार शाम हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। वे लगभग 52 वर्ष के थे और पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में मायूसी छा गई। पत्रकार अकील अहमद ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि समाजसेवी के रूप उनकी पहचान थी। क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक दल के नेता, समाजसेवी एवं प्रबुद्धजनो ने शोक प्रगट किया।

## उदासीन आश्रम में मनाई गई भगवान श्रीचंद की जयंती

### मूर्ति का अभिषेक-पूजन कर संतों ने की आरती, हवन-पूजन के बाद हुआ संत समागम

अयोध्या, उदासीन आश्रम में सम्प्रदाय के आचार्य भगवान श्रीचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भगवान की मूर्ति का अभिषेक कर हवन-पूजन व आरती की गई। इस अवसर पर आश्रम के महंत डॉ भरत दास ने कहा कि धर्म ही है जो हर तरह से हमारी रक्षा है। हमें हर परिस्थितियों में धर्म की रक्षा करनी चाहिए।धर्म के लिए हमें समय जरूर निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीचंद का जन्म अखंड भारत के लाहौर की खड़गपुर में तलवंडी नामक स्थान में श्रीगुरु नानक देव और माता सुलक्षणा देवी के घर हुआ था। जन्म से ही सिर पर जटा, शरीर पर भस्म तथा दाहिने कान में कुंडल था। इनका शरीर भस्म युक्त था। आचार्य श्रीचन्द्र देव जी बचपन से ही वैराग्य युक्त थे। ऋद्धि-सिद्धि हाथ जोड़े हुए सेवा में सदैव तत्पर रहती।उन्होंने ज्ञान-भक्ति के श्रेष्ठ सिद्धांत को प्रतिपादित किया। उन्होंने फकीरों, सूफी संतों विधर्मियों को अपनी अलौकिक सिद्धि और उपदेश से प्रभावित कर वैदिक धर्म की दीक्षा भी दी थी। महंत भरत दास ने कहा कि भगवान श्रीचंद ने भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए शैव, वैष्णव, शाक्त, सौर तथा गणपत्य मत के मानने वाले लोगों को संगठित कर पंच देव उपासना की प्रतिष्ठा की। हिन्दू धर्म की महिमा समझाया। वैचारिक वाद-विवाद को मिटाकर सत्य सनातन धर्म को समन्वय का सूत्र प्रदान किया। इस अवसर पर दिगंबर अखाड़ा के महंत सुरेश दास, महंत धर्मदास, हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास, निवार्णी अखाड़ा के श्री महंत मुरली दास, हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास, नागा राम लखन दास आदि सैकड़ों संतों-महंतों की मौजूदगी रही।

# गणेश महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- गणपति बप्पा मोरया से गूंज रहे पूजा पण्डाल
- आज होगा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन
- घाटों को किया गया सुसज्जित व प्रकाशित

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा




बहराइच। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो में गणेश महोत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है।महोत्सव जहां समापन की ओर है वहीं भक्तों का तांता पूजा स्थलों पर बढ़ता ही जा रहा है।आज गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन भव्य तरीके से किया जाएगा।जिसके लिए नदी के घाटों को स्वच्छ व प्रकाशित किया जा रहा है। शहर के गायत्री नगर काजीकटरा में मक्केश्वर महादेव मन्दिर श्रीपालकी गणेश पूजा महोत्सव में मंगलवार सांय को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें मेट्रो डांस एकेडमी के छात्रों द्वारा भक्ति गीतों पर सुन्दरमय प्रस्तुति की गई।कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई।काली माता तांडव, कृष्ण राधा नृत्य को श्रद्धालुओं ने काफी सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा। एक से एक मनमोहक प्रस्तुति से श्रद्धालु सराबोर हो रहे थे।पूरा पण्डाल गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज रहा था। समिति के पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित छात्र सोमू, रिमझिम, अनुष्का, आयुष, नेहा तिवारी, दिवा, परी, रीत, कायरा, आरोही को पुरस्कृत किया गया एवं मेट्रो डांस एकेडमी की निदेशिका सोनी श्रीवास्तव, चरनजीत कौर, दीपाआनंद, भाजपा नेता अनुज श्रीवास्तव, रविराज, विपुल तिवारी सहित पूरी टीम को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि विशाल पालकी शोभायात्रा निकालकर गणेश प्रतिमा विसर्जन शहर के झिंगहाघाट में किया जायेगा।

कार्यक्रम संपन्न कराने में अध्यक्ष संदीप सोनी, महामंत्री आशीष साहू, रवि प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास पटवा(शालू) सोसल मीडिया प्रभारी अमरीष साहू, राहुल साहू, रोहन साहू और मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव(विनोद), राहुल सोनी व अन्य पदाधिकारी तथा श्रद्धालु मौजूद रहे।

# श्रीपालकी गणेश पूजा महोत्सव में विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन

### कन्या भोज के साथ शुरू हुआ विशाल भंडारा

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। काजीकटरा स्थित मक्केश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में श्रीपालकी गणेश पूजा महोत्सव में 23वें विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें कन्या पूजन व भोज के साथ भण्डारे की शुरूआत की गई तत्पश्चात भक्तों ने प्रसाद छका जो देर रात्रि तक चलता रहा।उल्लेखनीय को जनपद में 11 दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।गुरुवार 28 सितम्बर को गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो तक गणेश महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।शहर के ब्राह्मणीपुरा, गुदड़ी, सखैयापुरा, बशीरगंज, किला, काजीकटरा व अन्य स्थानों पर गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है।इसी क्रम में गायत्रीनगर काजीकटरा में श्रीपालकी गणेश पूजा महोत्सव में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तो ने प्रसाद को छका।भण्डारे कार्यक्रम में कैसरगंज सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह, निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल, सुलह अधिकारी राकेश चन्द्र श्रीवास्तव, भाजपा नेता जीतेन्द्र प्रताप सिंह जीतू, के के मिश्रा, सिद्धार्थ सिंह ने पहुंचकर बप्पा का आशीर्वाद लिया एवं प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी निर्वहन करते नजर आए।भंडारा कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में संदीप कुमार सोनी, रवि प्रकाश गुप्ता, आशीष कुमार साहू, विकास पटवा, राहुल साहू, रोहन साहू, सचिन श्रीवास्तव, राहुल सोनी, अखिलेश श्रीवास्तव विनोद लगे रहे।

# चोरी की योजना बनाते समय दो अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच प्रशान्त वर्मा द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय के निर्देश में प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक विहारी सिंह यादव मय हमराह आरक्षी सूरज सिंह व संदीप यादव के द्वारा चोरी की योजना बनाते समय दो नफर अभियुक्तगण गंगाराम सोनकर पुत्र परशुराम निवासी लखैहिया थाना रुपईडीहा व पिंटू सोनकर पुत्र लच्छू निवासी लखैहिया थाना रूपईडीहा को एक अदद नाजायज तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक अदद टार्च व एक लोहे की राड के साथ नईम की दुकान के पीछे वहद ग्राम जमोग के पास से गिरफ्तार किया था। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 314/2023 धारा 401भादवि व 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्तगण कों माननीय न्यायलय बहराइच रवाना किया गया।



# जिलाधिकारी ने केजीबीवी तेजवापुर का किया औचक निरीक्षण

- विद्यालय की व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- कमियों को दो दिवस में दुरूस्त कराने के दिये निर्देश

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तेजवापुर में पठन-पाठन की गुणवत्ता, बालिकाओं के रहने, खान-पान, सुरक्षा, हास्टल, कक्ष-कक्षों, पुस्तकालय, रसोईघर व प्रसाधन, विद्यालय, भवन व परिसर की साफ-सफाई इत्यादि की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने औचक निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों व विद्यालय स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि विद्यालय, परिसर, शौचालय इत्यादि की समुचित साफ-सफाई के साथ-साथ छात्राओं को मानक के अनुसार भोजन, नाश्ता इत्यादि उपलब्ध कराया जाय। उन्होनें यह भी निर्देश दिया कि विद्यालय के दरवाजे, खिड़की, पंखे इत्यादि को भी आवश्यकतानुसार दो दिवस में ठीक करा दिया जाय ताकि छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि छात्राओं को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान की जाय। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा, वार्डेन तृप्ति श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# शैक्षणिक भ्रमण के लिए छात्र-छात्राओं के दल को डीएम ने किया रवाना

### महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल, चित्तौरा एवं बौद्ध स्थल, श्रावस्ती का निरीक्षण करेगा दल

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। प्रदेश में युवा टूरिज्म को बढ़ावा दिये जाने एवं प्रत्येक जिले के पर्यटन स्थलों, प्राकृतिक, पौराणिक, सांस्कृतिक व ऐतिहासिक धरोहरों तथा अल्पज्ञान परन्तु अत्यधिक संभावनायुक्त पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत जनपद बहराइच में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के अन्तर्गत गठित युवा पर्यटन क्लबों को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर शैक्षणिक भ्रमण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने हरी झण्डी दिखाकर बस को रवाना किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, प्रशिक्षु पीसीएस प्रिंस वर्मा, सम्बन्धित विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षकाएं व युवा पर्यटन क्लब के सदस्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। जिला पर्यटन अधिकारी मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के अन्तर्गत जनपद के सरकारी व एडेड 05 विद्यालयों राजकीय इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, महाराज सिंह इण्टर कॉलेज, तारा महिला इण्टर कॉलेज तथा आजाद इण्टर कॉलेज में गठित युवा पर्यटन क्लबों के 10-10 छात्र-छात्राओं कुल 50 छात्र-छात्राएं जिसमें 26 छात्राएं व 24 छात्र शामिल है को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया है। उन्होनें बताया कि छात्र-छात्राओं का यह दल महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल, चित्तौरा एवं बौद्ध स्थल, श्रावस्ती का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त करेगा।

# हमीरपुर में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरफ्तार

- बड़ी तादात में गांजा सहित अवैध असलहा बरामद

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर, हमीरपुर पुलिस ने आज मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के पास से बड़ी तादाद में मादक पदार्थ नाजायज तमंचा और एक कार बरामद की है। बिवांर थाना पुलिस को मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों की गिरफ्तारी करने में कामयाबी मिली है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की लालपुरा की तरफ से आ रही सफेद रंग की कार में बड़ी तादाद में मादक पदार्थ सप्लाई के लिए ले जाया जा रहा है।

पुलिस ने घेराबंदी करते हुए कार को रुकवाया तो तस्करों ने गाड़ी मोड़कर भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। पुलिस ने कार के अंदर से तीन बोर में पैक 1 क्विंटल गांजा एक नाजायज तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने उस कार को भी सीज कर दिया है जिसके जरिए गांजे को ले जाया जा रहा था। इस मामले का खुलासा करते हुए सीओ मौदहा विवेक कुमार यादव ने बताया की जो तीन अभियुक्त पकड़े गए हैं अंकित शिवहरे, दीपक शिवहरे और ब्रजराज यादव उसमें से एक अंकित के खिलाफ पहले से ही चार मुकदमे दर्ज हैं। इन तीनों के पास से जो गांजा बरामद हुआ है उसकी अनुमानित कीमत 20 लाख के आसपास है।

# नदी के कायाकल्प के लिए फ्रेंड्स क्लब अध्यक्ष ने सीडीओ को सौंपा ज्ञापन

### गंगा संरक्षण समिति की बैठक में गेरुआ नदी की साफ सफाई का उठाया मुद्दा

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। जिले में स्थित कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग की गेरूआ नदी का अस्तित्व बचाने के सन्दर्भ में कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष भगवान दास लखमानी ने जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सीडीओ को जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक में शामिल होते हुए सौंपा इस पर सीडीओ कविता मीना ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस पर कार्य किया जाएगा । ज्ञापन में श्री लखमानी ने लिखा कि हमारी स्वयं सेवी संस्था कतर्नियाघाट फेन्डस क्लब बहराइच वर्ष 2006 से पर्यावरण तथा कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में वन एवं वन्य जीव सरक्षण कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में कार्य करने वाले वन कर्मियों के उत्साहवर्धन हेतु कार्य कर रही है। 551 वर्ग किलोमीटर में फैले इस जंगल में वर्तमान समय में 59 बाघ 75 से अधिक तेंदुए व अनेक प्रकार के वन्य जीव मौजूद है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मध्य से गुजरने वाली गेरूआ नदी में लगभग 55 की संख्या में गैन्जेटिक डॉल्फिन, सैकड़ो की संख्या में घड़ियाल के साथ उदबिलाव पाए जाते हैं। कतर्नियाघाट आने वाले सैलानी इन दुर्लभ वन एवं जलीय जीवों की एक झलक पाने को बेताब रहते हैं। गेरुआ नदी का अस्तित्व संकट में है क्योंकि पहाड़ों पानी के कटने से बरसात के मौसम में पानी के साथ बहकर आने वाली मिट्टी, पत्थर व गाद गेरूआ नदी में जमा होती जा रही हैं।जिसके कारण गेरूआ नदी की गहराई कम होती जा रही है और नदी एक प्लेट की तरह बनती जा रही है, जिससे बरसात के मौसम में नेपाल द्वारा छोड़ा जाने वाला पानी पूरे जंगल को अपने आगोश में ले लेता है और गर्मियों में गेरुआ नदी पूरी तरह सूख जाती है जिससे गेरूआ नदी पर निर्भर रहने वाले वन एवं जलीय जीव अपना जीवन बचाने के लिए इधर उधर भागने को मजबूर हो जाते है और लोगों द्वारा भयदश मार दिए जाते हैं। अतः महोदय से निवेदन है कि कतर्नियाघाट की लाइफ लाइन गेरुआ नदी व इस पर निर्भर रहने वाले दुर्लभ वन एवं जलीय जीवों का अस्तित्व बचाने हेतु ठोस कदम उठने की कृपा करें। श्री लखमानी ने बताया कि सीडीओ कविता मीना ने हमारी बातों को गंभीरता से लेते हुए जल्द इस पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है इससे उम्मीद जगी है कि जल्द ही गेरुआ नदी का कायाकल्प होगा।

ट्वीट — सपा ने ट्वीट कर पूछा-आरोपी की संपत्तियों पर कब चलेगा बुलडोजर

# सुल्तानपुर का चिकित्सक मर्डर केस

- संजय सिंह बोले-डबल इंजन की सरकार में चरम पर अपराध

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष के चचेरे भाई ने सुलतानपुर में एक संविदा डॉक्टर की नृशंस हत्या कर डाला। जिसके बाद कोतवाली नगर पुलिस के इकबाल पर सवाल खड़े हुए हैं। वहीं हत्यारे के भाजपा पदाधिकारी के परिवार से जुड़े होने के बाद विपक्ष ने योगी सरकार को चौतरफा घेर डाला है। सपा-कांग्रेस और आप ने लॉ एन ऑर्डर पर सीधे-सीधे सवाल खड़ा कर डाला है। समाजवादी पार्टी की ओर से ट्वीट कर कहा गया है कि, यूपी में जंगलराज व्याप्त। भाजपा नेता के भतीजे ने डाक्टर को पीट पीटकर मार डाला। सुल्तानपुर में भाजपा नेता के भतीजे के द्वारा डॉक्टर घनश्याम तिवारी की पीट-पीट कर निर्मम हत्या, अत्यंत दुखद। यही नहीं सपा ने सवाल किया है कि मुख्यमंत्री जी आरोपी की संपत्तियों पर कब चलेगा आपका बुलडोजर? पीड़ित परिवार को न्याय कब मिलेगा। 'वही आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ट्वीट कर कहा है, सुल्तानपुर में डॉक्टर की पीट पीटकर हत्या। डबल इंजन की सरकार में अपराध चरम पर।' वही कांग्रेस ने भी सरकार पर ट्वीट करते हुए हमला बोला है। उधर रविवार शाम शव मृतक डॉक्टर के पैतृक गांव लंभुआ कोतवाली के सखौली गांव पहुंचा तो परिवार वालों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। परिवार वाले डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को बुलाने की मांग कर रहे हैं। यहां सैकड़ों लोग जमा हैं और घटना को लेकर लोगों में भारी आक्रोश दिख रहा है। मौके पर लंभुआ से भाजपा विधायक सीताराम वर्मा, सीओ सिटी राघवेंद्र चतुर्वेदी, सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम समेत कई थाने की फोर्स पहुंची है। तैनात। अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को मनाने में के लिए उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी प्रयास रत हैं।

परिजनों के साथ विभिन्न पार्टी के नेताओं का भी जमावड़ा लगा हुआ है। बताते चलें कि शनिवार देर शाम कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर में रहने वाले डॉक्टर घनश्याम तिवारी को कोतवाली क्षेत्र के नारायणपुर निवासी अजय नारायण सिंह ने फोनकर बुलाया। रंगदारी नहीं देने पर उसने चिकित्सक की हाथ पैर की हड्डी तोड़कर ई-रिक्शा पर लादकर उन्हें घर भेजा। जहां से घायल अवस्था में परिवार वाले लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पत्नी की तहरीर पर अजय नारायण समेत दो अज्ञात पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की चार टीमें खुलासे के लिए लगाई गई हैं।

# बांदा में ताला तोड़कर आठ लाख की चोरी

- 70 हजार कैश और सोने-चांदी के जेवर लेकर भागे, अलमारी का लॉक तोड़ा

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा में चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। पुलिस इन चोरों पर कोई लगाम नहीं लगा पा रही है। एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां रात के अंधेरे में चोर जेवर सहित नकदी उड़ा ले गए। जब घर वालों को जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस अधिकारियों ने डॉग स्क्वायड के साथ जांच पड़ताल की और आगे की कार्रवाई में जुट गई। पूरा मामला बांदा जनपद के शहर कोतवाली क्षेत्र के बन्यौटा का है। जहां के रहने वाले जय कुमार गुप्ता प्रापर्टी डीलर का काम करते हैं। वह रात को परिवार के साथ अपने महेश्वरी देवी चौराहा स्थित नए मकान में गणेश जी की बैठकी कराने गए थे। रात में वह परिवार के साथ उसी मकान में सो गए। रात में किसी समय उनके ताला बंद मकान के मेन गेट का ताला तोड़कर चोर घुस गए और कमरे में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर 70 हजार रुपए और आठ लाख के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जय कुमार जब अपने मकान में पहुंचे तो मेन गेट का ताला टूटा देखा। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा था। शहर कोतवाल मनोज शुक्ला ने बताया कि फॉरेंसिक टीम से भी जांच कराई है। सीसीटीवी फुटेज देखे गए हैं। फुटेज में एक संदिग्ध की फोटो दिखाई दी है। तहरीर के आधार पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

## संक्षेप

### गैस सिलेंडर में लगी आग, मची आफरा तफरी



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवा नगर पंचायत के वार्ड 9 में सुबह चाय बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गयी।जिससे हडकम्प मच गया। फायरविग्रेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी से वार्ड 9 पिपरा निवासी हरिनाथ गुप्ता की पत्नी बुधवार को सुबह 6.30 बजे चाय बनाने गयी। जैसे ही गैस चुल्हे में आग लगाई तो सिलेंडर में लगा रिगुलेटर से आग निकलने लगा।महिला ने शोर मचाया तो पड़ोस के लोग दौड़े और फायर यंत्र,बालू,बोरे से आग बुझाने का प्रयास किये। लेकिन सफलता नही मिला।सूचना पर पहुची फायरबिग्रेड ने करीब आधे घण्टे में आग पर काबू पा लिया। इस दौरान अफरा तफरी मची हुई थी।

### पुराने मामले में एससी एसटी व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

औग, फतेहपुर। थाना क्षेत्र के परसदेपुर गांव के पदमकान्त पासवान की शिकायत पर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।6 जून को डीजे में हुए विवाद को लेकर परसदेपुर में डीजे संचालक पदमकान्त पासवान तथा श्याम सुन्दर अवस्थी के बीच जमकर मारपीट हुई थी। श्याम सुंदर अवस्थी के भतीजे की बारात कानपुर नगर गई थी। पदम कांत डीजे लेकर बारात में गया था। वहीं पर बरतिया और डीजे संचालक के बीच विवाद हुआ था। गांव में बारात पहुंचने पर श्याम सुंदर अवस्थी व डीजे संचालक पदमकान्त के बीच फिर से विवाद हुआ और मारपीट हुई । पदमकान्त की रिपोर्ट थाने में दर्ज न हो पाने के कारण उसने शिकायती पत्र देकर 156 ( 3 ) के तहत न्यायालय से गुहार लगाई थी, न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने श्यामसुन्दर अवस्थी , अनीता अवस्थी , रामसजीवन अवस्थी शुभम अवस्थी , शिवकृष्ण शुक्ल तथा अवधेश शुक्ला के नाम एफआईआर दर्ज की है। थानाध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने बताया न्यायालय के आदेश पर मारपीट गाली गलौज बलवा एससी एसटी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### मेरठ पुलिस की गो तस्करों से मुठभेड़

मेरठ, मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस की गौ-तस्करों से मुठभेड़ हो गई। मौके से पुलिस ने तीन गौतस्करों को अरेस्ट किया है। उनके पास हथियार भी बरामद हुए हैं।दौराला थाना पुलिस और एसओजी की टीम रविवार रात इलाके में गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि कुछ गौ तस्कर गौकशी की तैयारी में हैं।रुहासा गांव से चकबंदी के बीच पड़ने वाले रजवाहे की ओर जा रहे हैं। वहीं गौकशी का प्लान है।सूचना पर पुलिस, एसओजी टीम मौके पर पहुंची

## माध्यमिक विद्यालयों में चाक डाउन सत प्रतिशत रहा सफल

### शिक्षको के बारह संगठनों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। उ प्र माध्यमिक शिक्षक संघ संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर मंगलवार को जनपद के सभी सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में चाक डाउन सत प्रतिशत सफल रहा।शिक्षकों के परिलब्धिओं एवं सेवा शर्तों पर लगातार हो रहे सरकारी हमलों से शिक्षक समुदाय उद्वेलित हो गया है।पुरे उत्तर प्रदेश में शिक्षकों के हित में अपनी सक्रीय भूमिका निभा रहे लगभग बारह संगठनों ने एक संयुक्त मोर्चे के तत्वाधान में सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पुरानी पेंसन की बहाली, सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण, चयन बोर्ड अधिनियम 1982 को पुनः बहाल करने, शिक्षा सेवा चयन अधिनियम 2023 को वापस लेने, छात्र हित में शिक्षा का निजीकरण बंद करने, प्रदेश के वित्तबिहीन विद्यालओं के शिक्षकों को वेतन वितरण अधिनियम 1971 से आच्छादित करने, शिक्षा विभाग के कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर प्रभावी कार्यवाही करने व अर्हता रखने वाले शिक्षणेत्तर कर्मचारिओं को शिक्षक के पद पर पदोन्नति किए जाने सम्बन्धी मांग प्रमुख रूप से शामिल है। संयुक्त मार्चे के प्रांतीय पदाधिकारी एवं उ प्र माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश पांडेय ठकुराई ने चाक डाउन आंदोलन की सफलता को ऐतिहासिक बताते हुए कहा की हम तमाम संघो में विखरे हुए शिक्षकों को एकजुट करने में काफी हद तक सफल हुए हैं।जो साथ नहीं आये हैं उनको भी साथ लाने का प्रयास चल रहा है।अगर सरकार हमारी मांगों को नहीं मानती है तो हम अपने हक व हकूक के लिए आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए तत्पर हैं।जे पी नायक व रामबहाल त्रिपाठी ने भी चाक डाउन कार्यक्रम को अभूतपूर्व बताते हुए कहा की कोई भी सरकार शिक्षकों ०कर्मचारिओं से टकराकर बच नहीं पायी है।सरकार की तानशाही लम्बे समय तक नहीं चल पायेगी।उ प्र मधिमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट के जिलाध्यक्ष हीरालाल गोंड सहित संयुक्त मोर्चे में शामिल एस सी,एस टी,ओ बी सी & माइनॉरिटी के जिलाध्यक्ष अभय कुमार ०एकजुट के जिलाध्यक्ष शृष्टिराज दुबे ०अटेवा के जिला मंत्री ज्ञान प्रकाश सिंह ने अपने संयुक्त बयान में कहा की सरकार के कथनी और करनी में धरती आसमान का अंतर है। वर्तमान सरकार शिक्षा, शिक्षार्थी, शिक्षालय ०शिक्षकों की दुश्मन है।शिक्षक प्रतिनिधिओं को अपने पाले में कर शिक्षकों का सम्पूर्ण विनाश करने पर उतारू है। ऐसी परिस्थिति में हम चुप बैठने वाले नहीं हैं।आज का चाक डाउन तो संयुक्त मोर्चे के आंदोलन की शुरूआत है।अगर सरकार पुरानी पेंसन ०सेवा शर्तों सहित हमारे सभी जायज मांगों को पूरा नहीं करती है तो आगे और बड़ा आंदोलन होगा।

## भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए की तैयारी बैठक

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा में भाजपा ने एक दिवसी बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार घघसरा हनुमान मंदिर पर हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकताओं को बूथ को सत्यापित का सक्रिय करने का मंत्र दिया गया। कार्यक्रम प्रभारी जिला महामंत्री राजाराम कनौजिया ने कहा कि 129 बूथों को सत्यापित कर का योजना बनानी है। कार्यकताओं को मिशन मोड में जुड़ने का आवाहन किया। ब्लॉक प्रमुख शशि प्रताप सिंह,क्षेत्रीय पिछड़ा मोर्चा महामंत्री मनोज सिंह,मंडल अध्यक्ष शिवचरण प्रसाद,वरिष्ठ नेता विजेंद्र नाथ मिश्रा,विधि प्रकोष्ठ संयोजन श्याम बिहारी त्रिपाठी,उपाध्यक्ष ई रमेंद्र नाथ मिश्र,रमेश मद्धेशिया,राजू पांडे,उपाध्यक्ष राम सिंह, महामंत्री विजय मिश्रा,प्रभुनाथ पांडे,त्र्यंबक नाथ उपाध्याय,दिनेश मिश्रा,रुचिका मिश्रा,अनीता मौर्य,ध्रुव कुमार गौड़,मनोज मौर्य,राणा प्रताप राज,शैलेंद्र चौरसिया,योगेंद्र सिंह,जगदीश यादव,अशोक सिंह,राजेंद्र पाल,शिव कुमार कृष्ण सिंह,जनार्दन सिंह,विजय बहादुर सिंह,प्रभाकर त्रिपाठी, हरकेश गुप्ता,चंद्रशेखर गुप्ता समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजस्व और पुलिस की मौजूदगी में पुलिस चौकी की भूमि चिन्हित कार्य शुरू

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवां तहसील हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत चाँदपार में पुलिस चौकी के निर्माण में भूमि विवाद को लेकर कार्य रुका हुआ था। वही एक व्यक्ति ने प्रशासन पर जबरजस्ती मकान ध्वस्त कराने का आरोप लगाते हुए मंडलायुक्त से शिकायत दर्ज कराया था। मामले को संज्ञान में लेते हुए मंडलायुक्त ने एसडीएम से जांच कर मामले का निस्तारण कराने का निर्देश दिये थे। बुधवार को नायब तहसीलदार सहजनवा भान प्रताप सिंह,लेखपाल संजय वर्मा,राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचे। आराजी नम्बर 82 का चिन्हाकन किया। इसके बाद कार्य शुरू करा दिया गया।इस दौरान एसओ महेंद्रनाथ मिश्र एसआई प्रवीण कुमार सहित अनेक पुलिस कर्मी मौजूद थे।



## श्यामा देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत खानिमपुर में श्यामा देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर की साफ सफाई की। स्वच्छ भारत मिशन में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत पिपरौली ब्लॉक के श्यामा देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खानिमपुर के छात्रों ने विद्यालय परिसर की साफ सफाई की।साफ सफाई के पश्चात सभी लोगों ने सामूहिक रूप से शपथ लेते हुए कहा कि स्वच्छता को मैं सर्वप्रथम अपने घर ,परिवार,गांव और अपने विद्यालय से इस अभियान को शुरू करूंगा। मैं स्वच्छता के प्रति सजग रहकर न गंदगी करूंगा और न ही किसी को करने दूंगा। अरुण कुमार ने बच्चो को शपथ दिलाई। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य रणविजय सिंह ने कहा कि हम सभी लोग स्वच्छता को अपने दैनिक दिनचर्या में अपनाकर छोटी मोटी बिमारियों से बच सकते हैं। स्वच्छता से स्वस्थ्य मस्तिष्क का विकास होता है और स्वस्थ्य मस्तिष्क से पढ़ाई में मन लगता है।

स्वच्छता के इस अभियान में छात्रा खुशबू सिंह, खुशी सिंह, पूजा मौर्य, अंजली गुप्ता ,रुखसाना,तन्नू, प्रियंजली सिंह,प्रियंका मौर्या,शिवांशु सिंह,संदीप सहित कई छात्राएं शामिल थी।इस स्वच्छता अभियान का संचालन अध्यापिका अर्चना मौर्या, विशाल मौर्य, नन्हे सिंह द्वारा किया गया।

## आईजीएल के बिजनेस हेड के थिएटर ग्रुप को आर्थिक सहयोग प्रदान किया

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने अभियान थियेटर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह में दो लाख का आर्थिक सहयोग प्रदान किया और कहा की आप लोगो द्वारा पूर्वांचल के प्रतिभावान युवायो को नाट्य और बड़े पर्दे पर चमकने हेतु जो प्रशिक्षण और माहौल दिया जा रहा है वह अपने आप में अद्भुत है।वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने सुबह अभियान थिएटर के अध्यक्ष को सहायता राशि सौपी और कृतज्ञता जताया की आपने आईजीएल को इस कार्यक्रम सेवा का अवसर दिया इसके लिए आप सभी को धन्यवाद। अभियान ग्रुप के अध्यक्ष नारायण पांडेय ने कहा की आईजीएल कंपनी क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दे रही है और आज कंपनी बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में जनपद के चतुमुर्खी विकास में अदभुत सहयोग दिया जाता है।वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया की कंपनी द्वारा क्षेत्र में जनहित के कार्यों को तेजी से कराया जा रहा है।और आईजीएल सदैव शिक्षा,स्वास्थ्य,स्वच्छता,रोजगार, पर्यावरण,जलसंरक्षण, इत्यादि क्षेत्रों में कई वर्षो से कार्य कराए जा रहे है।

## मोबाइल की रोशनी में शिशु का हुआ जन्म

### चिकित्सक गायब स्टाफ नर्स ने अंधेरे में झेली मुसीबत

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। जनपद के बहुचर्चित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार के नेतृत्व में जनपद दिन प्रतिदिन स्वास्थ्य सेवाओं में नीचे की सीढ़ियां गिनता जा रहा है जनपद में खराब स्वास्थ्य व्यवस्था विभाग को शर्मसार करती नजर आई जनपद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असोथर में बिजली की समस्या होने के कारण मोबाइल की रोशनी में स्टाफ नर्स द्वारा प्रसव कराया गया अस्पतालों में रखे जनरेटर का बिल चिकित्सा अधीक्षक लगाकर अपने बच्चों का पालन पोषण कर रहे हैं जहां अंधेरे में मरीज तथा मरीजों के तीमारदार मच्छरों के बीच बीमारी को आमंत्रण दे रहे हैं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असोथर में क्षेत्र के बेसड़ी गांव निवासी प्रसूता गुड़िया देवी की डिलीवरी हुई जहां स्टाफ नर्स ने अपना तथा अपने सहायक का मोबाइल फोन जलाकर रोशनी में डिलीवरी कार्य संपन्न किया अंधेरे में प्रसव होने पर प्रसूता के पारिवारिक जनों में गहरी चिंता व्याप्त रही परंतु जनपद में वातानुकूलित एक पर बैठे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की नजर ऐसे लापरवाह अस्पताल तथा चिकित्सकों पर नहीं पड़ी अस्पताल परिसर में कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं मिला जिससे आपातकालीन सेवाएं ली जा सके क्षेत्रीय लोगों ने बताया शाम ढलते ही अस्पताल का प्रसव कक्ष छोड़कर संपूर्ण अस्पताल चिकित्सक विहीन हो जाता है पूरे अस्पताल में केवल स्टाफ नर्स ही दिखाई देती हैं ऐसी ही स्थिति जनपद के अन्य क्षेत्र पर भी है जहां विद्युत व्यवस्था न होने पर जनरेटर शून्य स्थिति पर आज भी रखे हुए हैं

## पितृ तर्पण के लिए श्रद्धालुओं का जथ्था रवाना हुआ बोध गया

### आधा सैकड़ा से अधिक लोग पूर्वजों के मोक्ष हेतु करेंगे गया में पिंडदान

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। पितृपक्ष से पूर्व अपने पूर्वजों को मोक्ष प्रदान कराने हेतु श्रद्धालु भक्तगण बिहार प्रांत के गया धाम को रवाना हुए जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र के सरहन बुजुर्ग एवं सिकंदरपुर गांव समेत कई ग्राम पंचायतों से लगभग आधा सैकड़ा से अधिक लोग बस द्वारा गया धाम रवाना हुए सिकंदरपुर गांव में एक स्थान पर ग्रामीण समाज सेवी पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह एवं समाजसेवी अजय राज सिंह द्वारा गया धाम जाने वाले सभी भक्तगणों का भव्य स्वागत किया गया वहीं सभी श्रद्धालु भक्त गणों ने पितरों का तर्पण पिंडदान करते हुए नगर यात्रा संपन्न की यात्रा के पश्चात बोधगया जाने वाले गांव के रामऔतार गोधन सुरेंद्र रामसनेही रज्जू छविनाथ आदि सभी लोग शपत्नीक होकर कन्याओं को दक्षिणा देकर आशीर्वाद लेते हुए पूर्वजों के मोक्ष हेतु रवाना हुए नगर भ्रमण में बाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ गया जी जाने वाले भक्तों का भव्य स्वागत हुआ वही धूमधाम से ग्रामीणों ने सभी भक्तगणों को विदा किया मिली जानकारी के अनुसार यह सभी भक्त बस द्वारा बिहार प्रांत के गया धाम पहुंचकर अपने-अपने पूर्वजों के मोक्ष हेतु पिंडदान करते हुए पुनः वापस आकर निज निवास में विशाल भोज संपन्न करेंगे इस मौके पर भक्तों की विदाई समय में ग्रामीण समाज सेवी अरविंद सिंह अजयराज सिंह द्वारिका कल्लू रामशंकर सत्यनारायण समेत सैकड़ो की संख्या में पुरुष महिला दीर्घ मौजूद रही

## समूह में जुड़ने के लिए जागरूक करती नजर आई महिलाएं

### स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनमानस को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी



खजुहा, फतेहपुर। फतेहपुर के खजुआ ब्लॉक में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूह की बहनों द्वारा कलश यात्रा निकालकर वह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन-जन को स्वयं सहायता समूह से जुड़ने या समूह में होने वाले लाभ के बारे में बड़े ही मनोरम ढंग से बताया इस संबंध में जानकारी देते हुए ब्लॉक मिशन प्रबंधक अनिल पाल ने बताया कि खजुआ पर ब्लॉक में लगभग 1050 समूह बन चुके हैं सभी समूह को 15000 रुपये का रिवाल्विंग फंड प्रदान किया जाता है साथ ही समूह को 110000 रुपये का आजीविका फंड प्रदान किया जाता है जिसके माध्यम से यह समूह की महिलाऐ अपना लघु उद्योग स्थापित कर आर्थिक रूप से मजबूत हो सके साथ ही जब इनका समूह पुराना हो जाता है तो बैंक भी स्वयं सहायता समूह की वित्तीय सहायता प्रदान करती है आज महिलाएं समूह के माध्यम से सशक्त होकर आर्थिक सफलता को प्राप्त कर रही हैं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं विद्युत सखी बैंक सखी बनकर विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही हैं इस मौके पर ब्लॉक मिशन प्रबंधक अनिल पाल एवं खंड विकास अधिकारी रत्नाकर त्रिपाठी एवं जहानाबाद क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल सहित कई अधिकारी वा कर्मचारी गण मौजूद रहे

## विश्व पर्यटन दिवस पर सीएम ने हरी झंडी हरी दिखाकर, बच्चों को किया रवाना



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली बार हरी झंडी दिखाकर कुशीनगर के लिए 11 बसों को रवाना किया जिसमे 7 स्कूलों के लगभग 275 बच्चे मौजूद रहे।आपको बता दें कि इन बसों में स्कूली बच्चों को पर्यटन को बढ़ावा देने और गोरखपुर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पहली बार इन बसों को लखनऊ की जगह गोरखपुर से रवाना किया गया है अब तक इस तरह के आयोजन पहले लखनऊ में ही होते रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ सांसद रवि किशन शुक्ला सहित बीजेपी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।इस दौरान बच्चे बेहद खुश और उत्साहित थे, बच्चो का कहना था कि यह हमारे लिए बेहद खुशी का मौका है जहां हम अपनी धरोहर और संस्कृति को बेहद नजदीक से जान सके हैं।इसके लिए हम मुख्यमंत्री को बहुत बहुत धन्यवाद देते हैं।

## स्वास्थ्य शिविर में आधा सैकड़ा से अधिक मरीजों का हुआ उपचार

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली के तत्वावधान में अमौली विकासखंड के ग्राम पंचायत बसफरा में विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया चिकित्सा अधीक्षक अमौली डॉक्टर पुष्कर कटियार ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे कुशल चिकित्सक डॉक्टर प्रदीप कुमार सीएचओ हिमांशू यादव ने गांव में सिविर लगाकर मरीजों का उपचार करते हुए तथा गांव भ्रमण करते हुए आम जनमानस को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया गांव में लगे स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे कल 66 मरीजों का उपचार हुआ जिनमें बुखार खांसी जुकाम बदन दर्द समेत अन्य मर्जों के मरीज मिले शिविर में आए मरीजों की डेंगू तथा मलेरिया जांच भी की गई जिसका परिणाम ऋणात्मक पाया गया स्वास्थ्य शिविर में आए हुए सभी मरीजों की देखभाल के लिए चिकित्सकों के साथ गांव की आशा अंजू देवी सुशीला शीलू आदि भी मौजूद रही



## करण की डेब्यू फिल्म 'प्यार है तो है' 20 अक्टूबर को होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने गायक हरिहरन के बेटे करण हरिहरन की डेब्यू फिल्म 'प्यार है तो है' 20 अक्टूबर को रिलीज होगी। करण हरिहरन फिल्म 'प्यार है तो है' के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है। इस फिल्म में करण हरिहरन के अपोजिट पाणी कश्यप हैं। इनके अलावा फिल्म में अभिषेक दुहन, वीन हर्ष और रोहित चौधरी भी हैं।'प्यार है तो है' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 'प्यार है तो है' का निर्देशन प्रदीप आरके चौधरी ने किया है तो वहीं संजीव कुमार और रणधीर कुमार फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म की कहानी मुकेश शर्मा ने लिखी है। अमिताभ बच्चन ने करण को पहली फिल्म के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

लाइफ Style

# कृति सैनन



बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन अपनी आने वाली फिल्म गणपत में जोरदार एक्शन करती नजर आएंगी। पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म गणपत में टाइगर श्राफ, कृति सेनन और अमिताभ बच्चन की मुख्य भूमिका है।

## गणपत में जोरदार एक्शन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस फिल्म में कृति सैनन एक्शन अवतार में नजर आएंगी। निर्माता जैकी भगनानी ने कहा कि गणपत मेरे सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में से एक है, जो एक्शन और रोमांच से भरपूर मिश्रण का वादा करती है। गुड कंपनी के सहयोग से पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत और विकास बहल द्वारा निर्देशित गणपथ-राइज ऑफ द हीरो का निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और विकास बहल ने गया है।

यह फिल्म 20 अक्टूबर को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। दर्शकों के लिए हमारे पास जो शानदार रेविलेशन है वह है कृति सैनन का पावर-पैक एक्शन अवतार। उन्होंने खुद को एक असाधारण परिवर्तन यात्रा में अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच 9 महीने के गहन प्रशिक्षण से गुजरते हुए, ननचुक्स चलाने की कला में महारत हासिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपने चरित्र के प्रति उसकी प्रतिबद्धता प्रेरणादायक है।

हॉलीवुड मसाला

## हिंदू धर्म में तगड़ी आस्था



**लॉस एंजिलस।** फिलाडेल्फिया पेन्सिलवेनिया में 25 सितंबर 1968 के दिन जन्मे विल स्मिथ जाने माने रैपर और अमेरिकी अभिनेता हैं। उनका पूरा नाम विलियम कैरल स्मिथ जूनियर है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि विल स्मिथ हॉलीवुड के उन सितारों में शुमार हैं, जो हिंदू धर्म में तगड़ी आस्था रखते हैं। भारत में उन्हें अक्सर कई तीर्थ स्थलों के दर्शन करते हुए स्पॉट किया जा चुका है। साल 2018 के दौरान वह हरिद्वार हरकी पौड़ी पहुंचे थे।



## साईं-फाई सीरीज अपलोड सीजन 3 का ट्रेलर हुआ लॉन्च

**लॉस एंजिलस।** साइंस-फिक्शन-रोम-कॉम सीरीज़ 'अपलोड सीज़न 3' का नया ट्रेलर जारी किया गया है। लोकप्रिय साइंस-फिक्शन-रोम-कॉम सीरीज़ के नए सीज़न में एआई को वास्तविक जीवन से टकराते हुए देखा गया है क्योंकि एआई-जनित नाथन अपने सर्विस हैंडलर नोरा के साथ वास्तविक जीवन जीने की कोशिश करता है। 'अपलोड सीज़न 3' में, नोरा और डाउनलोडेड नाथन एक रहस्यमय साजिश को रोकने की कोशिश करते हैं जो लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित कर सकती है। श्रृंखला में नाथन के रूप में रॉबी एमेल, नोरा के रूप में एंडी एलो, ल्यूक के रूप में केविन बिगले, इंग्रिड के रूप में एलेग्रा एडवर्ड्स, अलीशा के रूप में ज़ैनब जॉनसन और एआई गाइ के रूप में ओवेन डेनियल हैं। एमी विजेता लेखक ग्रेग डेनियल द ऑफिस, पार्क्स एंड रिक्रिएशन, 'किंग ऑफ द हिल' द्वारा लिखित, 'अपलोड सीजन 3' 20 अक्टूबर को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगा।



## एनिमल से रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म एनिमल से उनका फस्र्ट लुक रिलीज हो गया है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म एनिमल से रश्मिका मंदाना का फस्र्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म एनिमल 01 दिसंबर को रिलीज होगी। फिल्म एनिमल भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी की सिने1 स्टूडियोज़ और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा निर्मित है। रश्मिका मंदाना ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर एनिमल से अपने लुक की झलक दिखाई है। रश्मिका ने इस ट्वीट में लिखा है, मिलिए गीतांजलि से।



## मास्टर ब्लास्टर में काम करेंगे संजय दत्त, टाइगर श्रॉफ

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ फिल्म मास्टर ब्लास्टर में काम करते नजर आएंगे। बॉलीवुड फिल्मकार फिरोज ए नाडियाडवाला फिल्म मास्टर ब्लास्टर बनाने जा रहे है। इस फिल्म में संजय दत्त और टाइगर श्राफ की मुख्य भूमिका होगी।इस फिल्म के जरिए संजय और टाइगर पहली बार स्क्रीन स्पेस शेयर करने जा रहे हैं। मास्टर ब्लास्टर एक्शन कॉमेडी फिल्म है। फिल्म को बड़े पैमाने पर हांगकांग, मकाऊ और चीन में शूट किया जाएगा, जिसमें लॉस एंजेलिस और चीन का टेक्नीकल क्रू शामिल होगा। फिल्म मास्टर ब्लास्टर के सितारों को मार्शल आर्ट्स की कड़ी ट्रेनिंग लेनी होगी। इसमें हाथों से लड़ाई और प्राचीन तौर तरीकों को सीखना होगा। सितारों की ये ट्रेनिंग शोओलिन मॉन्क्स की देखरेख में होगी।

टीवी मसाला



## इंडियन आइडल को होस्ट करेंगे हुसैन कुवाजेरवाला

**मुंबई।** बहुचर्चित सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल ने भारतीय संगीत जगत में नई आवाजें पेश की हैं, जो आने वाली पीढ़ियों तक गूंजती रहेंगी। शो के नवीनतम श्रेया घोषाल, कुमार सानू और विशाल ददलानी एक साथ जज पैनल में शामिल होंगे। वहीं 8 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद हुसैन कुवाजेरवाला सीज़न 14 के लिए होस्ट के रूप में लौट आए हैं। 7 अक्टूबर को रात 8 बजे से शो शुरू हो रहा है। हुसैन ने कहा, शो का यह सीज़न वास्तव में संगीत का सबसे बड़ा त्योहार होगा और मैं इंडियन आइडल में वापस आकर बहुत खुश हूं। हुसैन ने कहा, एक होस्ट के रूप में, आज मेरी सबसे बड़ी जिम्मेदारी प्रतियोगियों को सहज बनाना और उनके लिए एक सकारात्मक माहौल बनाना है ताकि वे घबराएं नहीं और अपनी सर्वोत्तम क्षमता से परफॉर्म करें। लेकिन तब से लेकर अब तक का सबसे बड़ा बदलाव यह है कि मेज़बानी अब सीरियस होने के बजाय जजों, खास मेहमानों और दर्शकों के साथ चर्चा करने के बारे में हो गई है। हमने शो के शुरुआती चरण की शूटिंग शुरू कर दी है और श्रेया, विशाल और कुमार दा के साथ काम करना अद्भुत रहा है।

## बिग बॉस 17 के ग्रैंड प्रीमियर की डेट कंफर्म, 15 अक्टूबर से शुरू होगा शो

मुंबई। हर साल की तरफ इस बार भी 'बिग बॉस' के नई सीजन की चर्चा जोरों-शोरों से है। फैंस 'बिग बॉस 17' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



वहीं फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना करने के लिए कलर्स टीवी ने शो का नया प्रोमो जारी किया है। इस धमाकेदार प्रोमो में शो के होस्ट सलमान खान ने इसके प्रीमियर की तारीख और थीम कंफर्म कर दी है। बता दें कि बिग बॉस का 17वां सीजन 15 अक्टूबर से कलर्स पर स्ट्रीम होने वाला है। बता दें कि अभी तक शो में आने वाले सदस्यों की कोई भी की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन खबरें हैं कि इस के सीजन में टीवी की मशहूर एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे और विक्की जैन शो में हिस्सा ले सकते हैं। इनके अलावा मुनव्वर फारुख, शीजान कान, अरमान मलिक, ईशा मालवीय और मिस्टर फैजू के आने की भी खबरें हैं। प्रोमो में सलमान कहते हैं कि 'अर्ज किया है, क्या बताऊं बिग बॉस के दिल का हॉल।

## कभी पाई-पाई को मोहताज थीं सपना चौधरी तकलीफों को सहकर लिखी कामयाबी की इबारत

25 सितंबर 1990 को हुआ था जन्म



**नई दिल्ली।** दिल्ली के महिपालपुर में 25 सितंबर 1990 के दिन जन्मी सपना चौधरी भले ही आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं, लेकिन एक वक्त ऐसा भी रहा, जब वह पाई-पाई के लिए मोहताज थीं और पांच रुपये तक जुटाना भी उनके लिए मुश्किल काम होता था। उन्होंने अपनी मेहनत से मुकाम हासिल किया और हरियाणा की डांस क्वीन बन गईं। बर्थडे स्पेशल में जानते हैं कामयाबी हासिल करने में सपना को कितना तकलीफों का सामना करना पड़ा। सपना चौधरी बताती हैं कि उनके पापा ने उन्हें सपना बनाया। वह सिंगर थे। वह गाने गाते थे, जिनसे सपना चौधरी ने गाने गाना सीखा। जब सपना छोटी थीं, उस वक्त उनके पिता इस कदर बीमार पड़े कि ठीक नहीं हो पाए। करीब आठ साल तक वह बिस्तर पर रहे। उनके इलाज में इतना पैसा खर्च हुआ कि सपना का परिवार कर्ज में डूब गया।

### खुद संभाली घर की जिम्मेदारी

पिता के निधन के बाद सपना ने परिवार को खुद संभाला। सपना ने अपने करियर की शुरुआत बतौर रागनी आर्टिस्ट एक ऑर्केस्ट्रा टीम के साथ की। अपनी टीम के साथ उन्होंने कई जगहों और पार्टियों में परफॉर्म किया। उन्होंने स्टेज परफॉर्मेंस से अपने संघर्ष को चुनौती दी और जैसे ही उनके हालात सुधरे, उन्होंने सबसे पहले गिरवी रखा घर छुड़वाया। धीरे-धीरे सपना देशभर में लोकप्रिय हो गईं। आज उनके डांस और गानों के लाखों दीवाने हैं।

### फिल्मों में भी दिखा चुकीं जलवा

सपना चौधरी बिग बॉस के घर में भी नजर आ चुकी हैं। उन्होंने भोजपुरी, हिंदी और पंजाबी गानों में अपने डांस का जलवा दिखाया है। बॉलीवुड फिल्मों में भी उनकी एंट्री हो चुकी है। हिंदी फिल्म 'नानू की जानू' में उनका आइटम नंबर लोगों ने काफी पसंद किया था।

## इश्वाक की फिल्म 'तुमसे ना हो पाएगा' 29 को होगी रिलीज



**मुंबई।** अभिनेता इश्वाक सिंह की फिल्म तुमसे ना हो पाएगा डिज्नी+ हॉटस्टार पर 29 सितंबर पर रिलीज होगी। डिज्नी+ हॉटस्टार की आगामी फिल्म 'तुमसे ना हो पाएगा' दो बेस्ट फ्रैंड्स की एक प्रासंगिक और जीवन के सार से भरी कहानी है। यह दोस्त अपनी सफलता को खुद तय करना चाहते हैं और समाज की हर आंटी की नुक्ता-चीनी का सामना करते हैं! रॉय कपूर फिल्म्स, आरएसवीपी और स्टार स्टूडियोज द्वारा अश्विनी अय्यर और नीतेश तिवारी के साथ निर्मित 'तुमसे ना हो पाएगा' का निर्देशन अभिषेक सिन्हा ने किया है और इसकी स्ट्रीमिंग डिज्नी+ हॉटस्टार पर 29 सितंबर से शुरू होगी।

इश्वाक सिंह ने कहा, मेरे किरदार की मुझे सबसे अच्छी लगने वाली बात यह है कि वह मुझे उस वक्त में ले जाता है, जब मैं खुद एक्टर बनने का अपने बचपन का सपना पूरा करने के लिये संघर्ष कर रहा था। इसमें सिर्फ कॉर्पोरेट जिन्दगी का हास्य नहीं है, बल्कि व्यंग्य, मजेदार स्थितियाँ और बेजोड़ प्रासंगिकता भी है। मेरा मतलब है कि हम सभी इसी तरह जिन्दगी की खुशियों का अनुभव करते हैं। हम इसी तरह एक-दूसरे को तंग करते हैं, खुद पर हंसते हैं और खुद को बहुत गंभीरता से नहीं लेते हैं। कई बार ऐसा कुछ होता है, जिसके बारे में आप बहुत कुछ नहीं कर सकते और हंसकर रह जाते हैं। इन सभी बातों में हास्य होता है। मुझे सचमुच इसमें मजा आया, क्योंकि यह स्थितियाँ मेरे दोस्तों के साथ मेरे हालातों से काफी मिलती-जुलती थीं। जब मैंने पटकथा पढ़ी, तब वह मुझे बहुत प्रासंगिक लगी, जैसे कि मेरे दोस्तों और मेरे बीच की बातचीत हो।

### 25 सितंबर 1939 को बैंगलोर में जन्मे, 27 अप्रैल 2009 को दुनिया को कहा अलविदा

# इश्क में बीवी-बच्चों को भूल गए थे फिरोज खान 10 साल बाद लौटे तो पत्नी ने दे दिया तलाक

अगर हिंदी सिनेमा जगत के 70-80 के दशक की बात हो तो उस जमाने के सबसे स्टाइलिश हीरो में शुमार फिरोज खान का नाम जरूर सामने आता है. 25 सितंबर 1939 के दिन बैंगलोर (अब बेंगलुरु) में जन्मे फिरोज खान का शाही अंदाज आज भी लोगों की जुबां पर रहता है। वह जो कुछ भी करते थे, लोगों के लिए वह ट्रेंड बन जाता था।





एजेंसी ▶▶ मुंबई

बेहतरीन एक्टर होने के साथ-साथ उन्होंने निर्माता-निर्देशक की जिम्मेदारी भी बखूबी निभाई। 27 अप्रैल 2009 के दिन कैंसर की वजह से फिरोज खान का निधन हो गया। बर्थडे स्पेशल में हम आपको फिरोज खान की जिंदगी के चंद किस्सों से रूबरू करा रहे हैं।

### शादीशुदा फिरोज को फिर हुआ इश्क

शादी के कुछ साल बीते ही थे कि फिरोज की जिंदगी में एक और हसीना ने एंट्री कर ली। दरअसल, उनकी मुलाकात एयर होस्टेस ज्योतिका धनराजगिर से हुई। ज्योतिका को देखते ही फिरोज उन पर फिदा हो गए थे। फिरोज की पत्नी सुंदरी को इस अफेयर की खबर मिली तो उन्होंने नाराजगी जताई। ऐसे में फिरोज खान ने पत्नी और बच्चों को छोड़ दिया। इसके बाद वह ज्योतिका के साथ बेंगलुरु में लिव-इन में रहने लगे।

### पार्टी में हुआ था पहली नजर वाला प्यार

अपनी अदाकारी से फिल्मों में जान फूंकने में माहिर फिरोज खान की मैरिड लाइफ में उथल-पुथल भरी रही। उन्होंने एक बच्ची की मां से शादी की थी। दरअसल, एक्टिंग करियर शुरू होने के बाद एक पार्टी में उनकी मुलाकात सुंदरी से हुई। दोनों करीब पांच साल तक एक-दूसरे को डेट करते रहे और 1965 में शादी कर ली। फिरोज खान और सुंदरी के दो बच्चे फरदीन खान और लैला खान हुए।



### 10 साल बाद टूटा यह रिश्ता

*फिरोज खान और ज्योतिका करीब 10 साल तक लिव-इन में रहे। ज्योतिका ने बार-बार फिरोज से शादी की बात की, लेकिन हर बार उनकी बात टाल देते थे। इससे नाराज होकर ज्योतिका ने फिरोज खान के साथ अपना रिश्ता खत्म कर लिया और लंदन चली गईं। दरअसल, एक इंटरव्यू में फिरोज खान ने कह दिया था कि वह ज्योतिका को जानते तक नहीं हैं।*

### बीवी ने 10 साल बाद लिया 'बदला'

*आपको यह जानकर हैरानी होगी कि ज्योतिका से रिश्ता टूटने के बाद फिरोज खान अपनी पत्नी सुंदरी और बच्चों के पास लौट गए। हालांकि, उनकी पत्नी ने उन्हें माफ नहीं किया। सुंदरी ने फिरोज से मिले धोखे के कारण उन्हें तलाक दे दिया था। बता दें कि 27 अप्रैल 2009 के दिन कैंसर की वजह से फिरोज खान का निधन हो गया।*